दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 81
कोटद्वार रविवार
16 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## बाढ़ का कहर: लक्सर और खानपुर में अब तक तीन की मौत, हेलिकॉप्टर से भेजी जा रही सामग्री

**रुड़की, एजेंसी।** बाढ़ के कहर से लक्सर और खानपुर क्षेत्र में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। बचाव और राहत कार्य के लिए पुलिस, आर्मी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 16 टीमें लगाई हैं। जबकि हेलिकॉप्टर से लगातार राहत सामग्री पहुंचाने काम जारी है।लक्सर और खानपुर में बाढ़ ने लगातार कहर बरपा रखा है। जिससे जनहानि भी हुई है।जिलाधिकारी की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि बाढ़ के चलते लक्सर के ग्राम हबीबपपुर कुंडी में सतपाल, ग्राम बसेडी खादर में वाल्मीकि कॉलोनी निवासी अजय कुमार की डूबने से मौत हुई है। जबकि तहसील रुडकी में सात वर्षीय अलीउसा की दीवार गिरने से मौत हुई है।वहीं लक्सर के रायसी के पास नदी में पैर फिसलने से 18 साल के युवक की मौत हुई है। बताया कि बीईजी से 77 जवान और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की कुल 16 टीमें लगाई गई हैं। इसके अलावा आपदा मित्र ग्रामीण, स्वयंसेवकों, सामाजिक संस्थाओं की ओर से भी सहयोग किया जा रहा है। बताया कि हरिद्वार से अब तक हेलीकॉप्टर से दस चक्करों के जरिए राहत सामग्री भी भेजी गई है।बाढ़ के कारण लोनिवि के 15 मार्ग बाधित हुए हैं। इसके अलावा एक राज्य मार्ग, एक जिला मार्ग, आठ ग्रामीण मार्ग भी बाधित हैं।

# भूमि के दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा करने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देहरादून कलेक्ट्रेट स्थित रजिस्ट्रार ऑफिस का औचक निरीक्षण किया। जिससे वहां हड़कंप मच गया। सीएम ने रजिस्ट्रार ऑफिस में संचालित जमीनों की रजिस्ट्री की प्रक्रियाओं एवं रिकॉर्ड रूम का अवलोकन कर जिलाधिकारी देहरादून को निर्देश दिये कि जमीन के दस्तावेजों में भविष्य में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसकी कारगर व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि भूमि के दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा करने वालों के विरूद्ध सख्त कारवाई की जाए, ताकि भविष्य में इसकी



पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए व्यवस्थाओं में जो भी सुधारात्मक कदम उठाये जाने हैं, वो उठाये जाएं।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी देहरादून को जिले में जमीनों के रिकॉर्ड की सुरक्षा के दृष्टिगत रजिस्ट्रार ऑफिस की सभी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिये और कार्यालय रिकार्ड के मेंटेन के लिए समुचित व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने कहा कि जमीनों के फर्जीवाड़ा की गहनता से जाँच की जाए और

### मुख्यमंत्री ने किया रजिस्ट्रार ऑफिस का औचक निरीक्षण, मचा हड़कंप

दोषियों पर इतनी सख्त कारवाई की जाए, कि भविष्य में इस तरह के फर्जीवाड़ा करने की कोई सोच भी न सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कहीं भी जमीनों से संबंधित कोई भी फर्जीवाड़े की शिकायते आयेंगी तो उनकी जाँच कर दाषियों के विरूद्ध कारवाई की जायेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका एवं अपर सचिव मुख्यमंत्री जगदीश चंद्र काण्डपाल उपस्थित थे।

## बाराखंबा स्थित डीसीएम बिल्डिंग में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के कनॉट प्लेस में एक इमारत में आग लगने की खबर है। दमकल विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक आग बाराखंबा रोड पर मौजूद डीसीएम बिल्डिंग के नौवें फ्लॉर पर लगी है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। ना ही इस बात की जानकारी सामने आई है कि हादसे के वक्त इमारत में कितने लोग थे। विभाग ने बताया कि आगजनी की सूचना शाम छह बजकर 21 मिनट पर मिली थी। बता दें कि यह दिल्ली का अहम इलाका है। यहां ऑफिसों की संख्या बहुत अधिक है।घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ आग की भीषण लपटें नजर आ रही हैं। दमकल कर्मचारी क्रेन के जरिए आग पर पानी की बौछार कर रहे हैं।

# नफरती भाषण में आजम खां दोषी करार

### कोर्ट ने दो साल की कैद और ढाई हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई



**रामपुर, एजेंसी।** सपा नेता आजम खां को नफरती भाषण मामले में कोर्ट ने दोषी करार दिया है। कोर्ट ने आजम खां को दो साल की कैद और ढाई हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। सजा के प्रश्न पर आजम खां के अधिवक्ता और अभियोजन का पक्ष सुना गया।

आजम खां पर आरोप था कि 18 अप्रेल 2019 को धमारा गांव में जनसभा के दौरान उन्होंने संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। उसके बाद एडीओ सहकारिता अनिल चौहान ने शहजादनगर में आजम खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने विवेचना के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की और सुनवाई के बाद शनिवार को आजम खां को नफरती भाषण मामले में दोषी करार दिया है। आजम खां इस समय न्यायिक अभिरक्षा में है और कोर्ट ने सजा के प्रश्न पर दोनों पक्षों को सुना है और अब कोर्ट ने आजम खां को दो साल की कैद और ढाई हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। हालांकि ऊपरी अदालत में याचिका को लेकर जमानत मिल गई है। कोर्ट से बाहर आने के बाद आजम बोले क्यों परेशान हो, सजा हो गई। क्या परेशानी है।

# वाहन दुर्घटना में तीन की मौत, 10 घायल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**चमोली** : कर्णप्रयाग-ग्वालदम मोटर मार्ग पर शनिवार को एक मैक्स वाहन अनियंत्रित होकर 300 मीटर नीचे गिर गया। दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 व्यक्ति घायल हो गए। जिनमें से चार गंभीर घायल एवं छः सामान्य घायल है। घायलों का पीएचसी ग्वालदम में उपचार किया जा रहा है।

कर्णप्रयाग-ग्वालदम मोटर मार्ग पर शनिवार को प्रातः 11:30 बजे स्थान



घनियाल धार के समीप एक मैक्स वाहन संख्या यूके-11टी0ए0-2388 अनियंत्रित होकर लगभग तीन सौ मीटर नीचे गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन कर्णप्रयाग से ग्वालदम की ओर जा रहा था। वाहन में चालक सहित 12 व्यक्ति सवार थे। जिनमें से दो व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हुई है और 10 व्यक्ति घायल हुए है। जिला प्रशासन द्वारा गंभीर रूप से घायल चार व्यक्तियों को सीएचसी बैजनाथ तथा अन्य घायलों को पीएचसी ग्वालदम लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। जबकि मृतक व्यक्तियों के शव सीएचसी थराली लाए गए है।

### दुर्घटना में सामान्य घायल व्यक्ति

1. रोहित शाह पुत्र गंभीर शाह (वाहन चालक) उम्र 28 वर्ष पता बैनोली, थराली,
2. प्रवीन पुत्र अशोक कुमार, उम्र, 27 वर्ष, पता मयूर विहार फेस–1 दिल्ली,
3. अनीता पुत्री प्रताप राम, उम्र 19 वर्ष, पता दाबू–बागेश्वर,
4. हरेन्द्र सिंह पुत्र नारायण सिंह, उम्र 47 वर्ष, थाला– तलावडी,
5. गौरव पाण्डे पुत्र मोहन चन्द्र पाण्डे, उम्र 21 साल, जौला–ग्वालदम,
6. मंजू पुत्री मोहन सिंह, उम्र 37 वर्ष, पता बुडजोला–ग्वालदम

### दुर्घटना में मृतक व्यक्तियों के नाम

1. राजेन्द्र चौधरी पुत्र सुखडी चौधरी, उम्र 55 वर्ष जिला बैथिया, बिहार हॉल निवास ग्वालदम। 2. सरस्वती देवी पत्नी कृष्णानंद, उम्र 43 वर्ष, रैतोली सिरकोट–बागेश्वर शामिल है।

### दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति

1. फुनी देवी पत्नी प्रताप राम उम्र 45 वर्ष, 2. दाबू–बागेश्वर, अमित नेगी पुत्र कलम सिंह नेगी, उम्र 34 वर्ष, निवासी उतरौ–कर्णप्रयाग, 3. सन्यासी बाबा नाम पता अज्ञात, 4. कमल किशोर, एसएसबी जवान ग्वालदम।


IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# वनराजी समुदाय के छात्रों ने की सीएम धामी से भेंट



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में पूर्व राज्यसभा सांसद तरुण विजय के नेतृत्व में वनवासी विद्यालय दून संस्कृति स्कूल में अध्ययनरत वनराजी समुदाय के छात्रों ने भेंट की।

मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा लिखित पुस्तक ‟अग्नि की उड़ान” भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजाति समाज के बच्चों का भविष्य बेहतर हो इसके लिए जनजाति कल्याण विभाग द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इस अवसर पर यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत भी उपस्थित थे।

## कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

टिहरी : थत्यूड़ थाना पुलिस ने 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायलय में पेश किया गया है।

पुलिस की मीडीया सेल ने जानकारी देते हुए बताया कि थत्यूड़ थानाध्यक्ष शांति प्रसाद चमोली के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मौलधार में छापेमारी की, जहां पर ग्राम मौलधार निवासी राकेश कुमार पुत्र रोशन दास व अमित कुमार पुत्र स्व अमरू को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया गया। दोनों के कब्जे से 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ थाने में एक्साईटज एक्ट के तहत नियमानुसार अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तारी कर इन आरोपियों को न्यायालय पेश किया। आरोपियों को पकड़ने में मुकेश सिलोड़ी, नरेश तोमर, महेंद्र चौहान, बबीता व अंकिता पुलिस कर्मियों की भूमिका अहम रही। (एजेंसी)

# डीएम ने किया कार्यालयों का निरीक्षण, अमीन का वेतन रोकने के दिए आदेश

टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने विकास भवन अवस्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने विभागाध्यक्षों को कार्यालयों की स्थिति सुधारने के साथ कार्मिकों की गतिविधियों को चुस्त-दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

फील्ड में कर्मचारियों के न मिलने पर डीएम ने नाराज होते हुए फील्ड कर्मियों कार्यालय में न बिठाकर क्षेत्र में कार्य करवाने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान ईई सिंचाई खण्ड-2 पीएमजीएसवाई कार्यालय में अमीन पीसी रमोला की कार्यालय समय में काम के प्रति लापरवाही पाये जाने के कारण स्पष्टीकरण तलब कर वेतन रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इसके साथ ही युवा कल्याण कार्यालय में बायोमैट्रिक मशीन के खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त कर तत्काल ठीक करवाने के निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान डीएम ने सीडीओ कार्यालय, डीडीओ कार्यालय, ईई सिंचाई खंड 2 पीएमजीएसवाई, ईई लघु सिंचाई, जिला अर्थ एंव सांख्य अधिकारी, युवा कल्याण, जिला बचत, पंचस्थानी, ईई आरडब्लूडी, जिला कार्यक्रम, ग्राम्य विकास, समाज कल्याण, जिला सेवायोजन, ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान आदि विभागों का निरीक्षण किया।

डीएम ने प्रत्येक कार्यालय में उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण कर पटल सहायकों से विभिन्न क्रियान्वित योजनाओं-कार्यों के विवरण की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में कोई भी फरियादी समस्या लेकर आता है, तो उसका मौके पर ही निस्तारण करना सुनिश्चित करें। कार्यालयों में साफ-सफाई रखने, बायोमैट्रिक मशीन लगाने, आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरे लगाने, आपदा चलते जेईयों को मौक पर तैनात करने, फील्ड कर्मियों से तत्परता से क्षेत्रों से काम लेने के निर्देश दिए। सभी विभागों को डीएम ने 1 करोड़ से ऊपर के प्रोजेक्ट का विवरण उपलब्ध कराने को कहा। जिला सेवायोजन अधिकारी को कार्यालय लायब्रेरी का प्रचार-प्रसार करने, जिला कार्यक्रम अधिकारी को समस्त योजनाओं का डाटा दस दिन में पोर्टल पर अपडेट करने, सहायक अर्थ एवं संख्याधिकारी को उन्नति पोर्टल पर अपलोड प्रोजेक्ट की सूची उपलब्ध कराने, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड–2 पीएमजीएसवाई को आपदा से हुए क्षति की सूचना एक सप्ताह में उपलब्ध कराने, युवा कल्याण अधिकारी को स्टेडियम के लिए भूमि उपलब्ध न होने की दशा में संबंधित एसडीएम से समन्वय करने के निर्देश दिए।

# कैथलैब में एंजीयोप्लास्टी को इंतजार, आईसीयू आधा शुरू

देहरादून। दून अस्पताल में खुली प्रदेश की पहली कैथलैब में दूसरे दिन कोई एंजीयोप्लास्टी (स्टेंटिंग) की प्रक्रिया नहीं हो सकी। क्योंकि कैथलैब में स्टेंट, कंट्रास, दवाईयां आदि उपलब्ध नहीं है। टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं होने से दिक्कत है। बताया गया है कि अभी इसमें एक सप्ताह लग सकता है। तब तक कैथलैब के डॉक्टर एंजीयोग्राफी ही कर सकेंगे। डिप्टी एमएस डा. धनंजय डोभाल का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया चल रही है। डेमो हो चुका है, एक सप्ताह के भीतर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। उधर, प्राचार्य डा. आशुतोष सयाना का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया तेजी से करने को निर्देशित किया गया है। वहीं आयुष्मान मरीजों के लिए सामान लोकल वेंडर से यदि नियमतः लिया जा सकता है, तो ले सकते हैं। मरीजों को दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

नॉन आयुष्मान को कमेटी

नॉन आयुष्मान मरीजों के लिए पैकेज पर अभी कोई निर्णय नहीं हो सका है। प्राचार्य के मुताबिक डीएमएस डा. धनंजय डोभाल, आयुष्मान नोडल डा. अनुराग अग्रवाल, कॉर्डियोलॉजिस्ट डा. अमर उपाध्याय की एक कमेटी बनाई है। विभिन्न अस्पतालों में रेट का परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देगी। उसके बाद लागू कर दिया जाएगा।

**स्टाफ की कमी, दस बेड का ही आईसीयू शुरू**

देहरादून। दून अस्पताल में गुरुवार को 30 बेड के आईसीयू का शुभारंभ किया गया। स्टाफ, वार्ड ब्वॉय की कमी से पूरे आईसीयू का संचालन नहीं हो सका है।

30 बेड में से दस बेड का आईसीयू शुरू किया गया है। दोपहर को ड्यूटी पर नर्सिंग स्टाफ प्रियंका एवं आस्था मौजूद थे। एकमात्र वार्ड ब्वॉय दिया गया है। दो मरीज भर्ती किए गए थे।

## स्टिंग मामले में हरीश और मदन का जवाब दाखिल

देहरादून। स्टिंग प्रकरण में पूर्व सीएम हरीश रावत और विधायक मदन बिष्ट ने शनिवार को अपने अधिवक्ताओं के जरिये सीबीआई कोर्ट में जवाब दाखिल किया है। वहीं, दोपहर तक पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत और विधायक उमेश शर्मा की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया था। चारों नेता कोर्ट नहीं पहुंचे। हरीश और मदन बिष्ट के वकीलों ने कोर्ट में कहा कि पहले इस मामले में केस बंद करने का शासनादेश हुआ था। वही सैंपल का मामला भी अभी हाईकोर्ट में चल रहा है। लिहाजा हाईकोर्ट के फैसले के बाद अग्रिम कार्यवाही ही जाए।

# मौसम विभाग की चेतावनी के दृष्टिगत डीएम ने दिए हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश



देहरादून। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 15,16 एवं 17 जुलाई 2023 को राज्य के जनपद टिहरी पौडी, हरिद्वार एवं देहरादून तथा 17 जुलाई को चम्पावत नैनीताल एवं उधमसिंहनगर में कहीं–कहीं बहुत भारी से अत्यंत भारी वर्षा व कुछ जगह भारी से बहुत भारी वर्षा गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमकने/वर्षा के अति तीव्र से अत्यन तीव्र दौर की संभावना व्यक्त की गई है।

मौसम विभाग की चेतावनी के दृष्टिगत जिलाधिकारी सोनिका ने अपने कार्यालय से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आईआ-रएस से जुड़े विभागों के अधिकारियों को हाईअलर्ट पर रहने के निर्देश दिए। प्रत्येक स्तर पर तत्परता एवं सुरक्षा बनाये रखते हुए आवागमन में नियंत्रण बरतने, किसी भी आपदा/दुर्घटना को स्थिति में त्वरित स्थलीय कार्यवाही करते हुए सूचनाओं का तत्काल आदान–प्रदान करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने लोनिवि, एनएच, एनएचआई, पीएमजीएवाई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी मोटर मार्ग के बाधित होने की दशा में उसे तत्काल खुलवाना सुनिश्चित करेंगे। समस्त राजस्व उपनिरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी अपने क्षेत्रों में बने रहेंगे। समस्त चैकी /थाने भी आपदा सम्बन्धी उपकरणों एवं वायरलैस सहित हाई अलर्ट में रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रश्नोत्तरी में रसना, कुर्सी दौड़ में ज्योति, चित्रकला में विजय ने मारी बाजी

उत्तरकाशी : भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज बड़कोट मे स्किल इंडिया, 9 साल सेवा, सुशासन एवं आजादी के अमृत महोत्सव पर आधारित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता रसना नौटियाल, आस्था, रेखा राणा, आयुष, प्रेमलता एवं अन्य गतिविधियों में कुर्सी दौड़ में प्रथम कुमारी ज्योति टम्टा, द्वितीय कृष्णा राणा, तृतीय जयमाला, व चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम विजय राय व द्वितीय सचिन कुमार रहे। सभी विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। जीआईसी बड़कोट में आयोजित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन बतौर मुख्यातिथि नगर पालिका अध्यक्षा अनुपमा रावत ने रिबन काट कर किया। बीडीओ गिरीश चंद्र जोशी ने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया तथा संचालक कन्हैया लाल नौटियाल ने स्किल इंडिया पर विस्तार पूर्वक जानकारी लोगों को दी और लोगों को स्वरोजगार के प्रति जागरूक किया गया। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें विषय संबंधित प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम में डॉ. गरिमा चौहान, आशा, प्रेमलता एवं कार्यक्रम आयोजक एनएस नयाल आदि थे। (एजेंसी)

### स्कूल प्रशासन ने की पुश्ते के ट्रीटमेंट की मांग

रुद्रप्रयाग : बीते दिनों हुई भारी बारिश से अनूप नेगी मेमोरियल पब्लिक स्कूल परिसर का सड़क मार्ग से लगा पुश्ता क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे अब स्कूली बच्चों की आवाजाही में खतरा पैदा हो गया है।

हालांकि दो दिनों तक स्कूल बंद रहने के चलते किसी तरह यहां आवाजाही बंद रही किंतु स्कूल खुलते ही बच्चों के साथ ही स्कूल प्रशासन को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। पूर्व में भी स्कूल से लगे हाईवे पर एनएच की लापरवाही से स्कूल का एप्रोच मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था।

# सीडीओ कमठान की अध्यक्षता में हुई युद्ध स्तर पर संचालित किये जाने हेतु समीक्षा बैठक



देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री जल संरक्षण एवं सवर्द्धन अभियान के अन्तर्गत सम्पादित कराये जाने वाले कार्यों को युद्ध स्तर पर संचालित किये जाने हेतु वन विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई, ग्राम्य विकास, कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग शिक्षा विभाग, उत्तर-ाखण्ड जल संस्थान, उत्तराखण्ड पेयजल निगम एवं शहरी विकास विभाग इत्यादि विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

समीक्षा बैठक के मुख्य विकास अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मा० मुख्यमंत्री जल संरक्षण संवर्द्धन अभियान के अन्तर्गत सघन वृक्षारोपण, चाल –खाल निर्माण, खंती निर्माण, चेकडैम निर्माण, जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण इत्यादि कार्य प्राथमिकता के आधार सम्पादित करायें।

इस कार्य की सफलता के लिये ग्राम पंचायत स्तर पर सघन प्रचार–प्रसार किया जायेगा। जनपद स्तर कार्य को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड देहरादून को नोडल अधिकारी नामित किया।

## उत्तराखंड के किसानों ने की वर्तमान सीजन को आपदा काल घोषित करने की मांग

देहरादून। पिछले कई दिनों से जारी बारिश की वजह से खेती–बागवानी को हुए नुकसान के मददेनजर किसानों ने इस अवधि को आपदा काल घोषित करने की मांग की शनिवार को भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर ज्ञापन दिया।

पूर्व राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी ने मंत्री के बताया कि बारिश की वजह से खेती को काफी नुकसान हुआ है। जल भराव के कारण फसलें तबाह हो गई है। घरों में पानी भरने की वजह से किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वर्तमान अवधि को आपदा काल घोषित किया जाना चाहिए। मंत्री ने उचित कार्यवाही का भरोसा दिया।

# प्रदेश सरकार आपदा प्रबंधन के मोर्चे पर पूरी तरह नाकाम : कांग्रेस

देहरादून। कांग्रेस ने सरकार पर आपदा प्रबंधन के मोर्चे पर पूरी तरह नाकाम रहने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार के किसी भी मंत्री ने आपदा को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई, बाढ़ प्रभावित हरिद्वार के प्रभारी, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण मंत्री सतपाल महाराज इस दौरान प्रदेश से बाहर बने हुए हैं। कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में करन माहरा ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, हरिद्वार जिले का बड़ा भू भाग जलमग्न हो गया है। लेकिन सरकार के मोर्चे पर कोई गंभीरता नजर नहीं आ रही है। हरिद्वार जिले में लोगों को समय रहते अलर्ट तक नहीं किया गया। माहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री तक उनके दौरे के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे हैं। जबकि हरिद्वार जिले के प्रभारी मंत्री प्रदेश से बाहर बने हुए हैं। जबकि उनके पास सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग भी है।

माहरा ने आरोप लगाया कि किसी भी मंत्री ने आपदा पीड़ितों की सुध नहीं ली है, ऐसा लगता है कि सरकार का मंत्रियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। माहरा ने कोटद्वार पुल टूटने की घटना पर कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी के बयान से सरकार की पोल खुल गई है।

# लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे संगम विहार के बाशिंदों ने ईई को घेरा

विकासनगर। भोजावाला के संगम विहार निवासी बीते छह माह से लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। कई बार लिखित शिकायत दर्ज करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से गुस्साए स्थानीय बाशिंदों ने शनिवार को यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता का घेराव किया।घेराव करने यूपीसीएल कार्यालय पहुंचे स्थानीय बाशिंदों ने बताया कि बीते छह माह से करीब तीन हजार की आबादी लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रही है। घरों में बिजली के बल्व रात में जुगनू की मानिंद चमकते हैं। बताया कि मोहल्ले में एक दशक पूर्व सिंगल फेज की लाइन बिछाई गई थी। अब आबादी बढ़ गई है। बढ़ी हुई आबादी के कारण पुरानी लाइन पर भार अधिक पड़ रहा है, जिससे सभी घरों में लो वोल्टेज की समस्या पैदा हो गई है। बताया कि लो वोल्टेज के कारण गर्मी के दिनों में पंखे भी नहीं चल रहे हैं। फ्रिज, टीवी समेत बिजली से चलने वाले सभी उपकरण ठप पड़े हुए हैं। उमस भरी गर्मी में लोगों को घर के अंदर परेशान होना पड़ रहा है। उमस भरी गर्मी में बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोग अपने मोबाइल भी चार्ज नहीं कर सकते हैं। स्थानीय लोगों ने लो वोल्टेज की समस्या से जल्द निजात दिलाने की मांग की। घेराव करने वालों में कुंवर सिंह राय, सरदार सिंह चौहान, प्रताप सिंह तोमर, दिनेश नेगी, भीम सिंह चौहान, चंदन सिंह, महेंद्र सिंह नेगी, अजब सिंह, रणवीर सिंह, रघुवीर सिंह, कुंदन सिंह, प्रताप सिंह आदि शामिल रहे।

## युवक से मारपीट कर रेलवे ट्रैक पर फेंका

ऋषिकेश। गीतानगर में एक युवक के साथ मारपीट कर उसे जख्मी हालत में दो युवकों ने रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया। परिजनों ने तलाश करने पर उसे घायल अवस्था में एम्स में भर्ती कराया गया। स्थिति ज्यादा गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया।

## सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: सहदेव

विकासनगर। हरिद्वार से गंगा जल लेकर आ रहे डाक कांवड़ियों पर रामपुर में हुई पथराव की घटना को निंदा करते हुए सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश पुलिस को दिए हैं। उनका कहना है कि देवभूमि में इस तरह की घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। विधायक पुंडीर ने कहा कि सावन माह सनातन धर्म में पवित्र माह माना जाता है। श्रद्धालु बड़ी आस्था के साथ हरिद्वार से गंगाजल लाकर शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं। शुक्रवार रात को गंगा जल लेकर आ रहे डाक कांवड़ियों पर रामपुर में कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव किया। कहा कि पथराव करने वाले देवभूमि के सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। कहा कि पछुवादून क्षेत्र हमेशा से ही सांप्रदायिक सौहार्द की मिशाल रहा है,

# मंत्री अग्रवाल ने की विस ऋषिकेश के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने विधानसभा ऋषिकेश के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा की। समीक्षा बैठक में आधी अधूरी जानकारियां देने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी प्रदेश में जनहित की भावना के अनुरूप विकास कार्य कर रहे है।

ऐसे में अधिकारी सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाएं। विकास कार्यों को तय समय के भीतर और पूरी गुणवत्ता के साथ करें। शनिवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सर्वप्रथम सिंचाई विभाग द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की प्रगति जानी। गौहरीमाफी में मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद राजस्व विभाग की भूमि को राजाजी पार्क द्वारा अपना बताने पर कड़ी नाराजगी जताई। कहा कि राजाजी पार्क प्रशासन राजस्व विभाग की भूमि को जबरन अपना बताकर विकास कार्यों में अड़चन पैदा कर रहा है। एसडीएम ऋषिकेश को निर्देशित करते हुए कहा कि इसमें राजाजी के साथ संयुक्त सर्वे किया जाए, जिससे भूमि की स्थिति स्पष्ट हो सके। उसके बाद उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों द्वारा अधूरी जानकारी देने, लोनिवि, पेयजल और नेशनल हाईवे के अधिकारियों का आपस में समन्वय न होने पर फटकार लगाई। उन्होंने जल संस्थान द्वारा 2020 में पूर्ण योजना का कार्य 2023 तक पूर्ण न होने पर भी नाराजगी जताईं। कहा कि खुदी हुई सड़कों को शीघ्र बनाकर दें तथा जिसकी धनराशि लोनिवि को भेजी गई है, उन्हें लोनिवि शीघ्र बनाए। उन्होंने पेयजल निगम से पैरी अर्बन योजना की जानकारी प्राप्त की। साथ ही कृष्णानगर कॉलोनी में संयोजन के नाम पर ली जा रही अवैध धनराशि पर पूर्व में कार्यवाही आदेश की अवहेलना पर जवाब मांगा।

# डाकपत्थर बैराज से 74 हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा

विकासनगर। यमुना के अप स्ट्रीम वाले कैचमेंट क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते डाकपत्थर बैराज से शनिवार को 74 हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया। पानी छोड़ने से तटवर्ती बस्तियों के बाशिंदो के लिए चेतावनी जारी की गई। वहीं, शनिवार को यमुना और टौंस का जल स्तर चेतावनी बिंदु के आसपास रहा, जिससे प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है।

पहाड़ों पर बार–बार हो रही बारिश के कारण यमुना में डाकपत्थर और आसन बैराज से पानी छोड़ने का सिलसिला जारी है। शनिवार को दो बार में डाकपत्थर बैराज से 74238 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जबकि आसन बैराज से 18 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

हालांकि कम पानी छोड़ा जाने से खतरे की बात से अधिकारी इनकार कर रहे हैं। फिर भी तहसील प्रशासन ने यमुना किनारे की बस्तियों में चेतावनी की मुनादी करने के साथ ही बाढ़ चौकियों को भी अलर्ट कर दिया है। सभी चौकियों से बाढ़ राहत नियंत्रण की टीमें यमुना के जलस्तर पर नजर रख रही हैं।

**यमुना के दोनों छोर पर बसे हैं 12 गांव**

यमुना के दोनों छोर पर यहां 12 गांव में बसे हुए हैं। जिनमें से भीमावाला, ढालीपुर, ढकरानी, कुंजा, कुंजाग्रांट, मटक माजरी, कुल्हाल पछुवादून में बसे हैं। जबकि दूसरे छोर गोजर, पुरुवाला, भंगाड़ी, अरडेन, सिंहपुरा गांव बसे हुए हैं। दोनों छोर के प्रशासन की टीमें आपस में संवाद स्थापित कर गांवों में लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दे रही है।

इस तरह छोड़ा गया पानी

डाकपत्थर बैराज से यमुना में सुबह आठ बजे 41575 क्यूसेक, दोपहर 12 बजे 32663 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जबकि आसन बैराज से दोपहर 12 बजे 18 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया। शनिवार को यमुना का जल स्तर चेतावनी बिंदु से 48 सेमी नीचे 453.99 मीटर पर और टोंस का जल स्तर चेतावनी बिंदु से 25 सेमी नीचे 643.50 मीटर पर रहा।

डाकपत्थर और आसन बैराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। हालांकि अभी खतरे वाली कोई बात नहीं है।

## शोध का केन्द्र बनेगा श्रीदेवसुमन विवि ऋषिकेश

ऋषिकेश। श्रीदेवसुमन विश्वविद्यालय उत्तराखंड ऋषिकेश पीजी कॉलेज परिसर अब जल्द ही देश के नामी विश्वविद्यालयों की तरह शोधकार्यों का केन्द्र बनेगा।

इसके लिए परिसर में अनुसंधान एवं विकास सेल व शोध प्रसार सेल का गठन होने जा रहा है। खास बात यह है कि शोधार्थी छात्र–छात्राओं के नए अविष्कार और खोज के पेटेंट का खर्च भी विवि ही उठाएगा। सब ठीक रहा तो इसी वर्ष शोधकार्यों का केन्द्र काम करने लगेगा।

# नई इंटीग्रेटेड स्मार्ट सिटी के विरोध में उतरे किसान

ऋषिकेश। डोईवाला के किसानों ने क्षेत्र में नई इंटीग्रेटेड स्मार्ट सिटी को लेकर विरोध जताया है। उन्होंने इसमें कृषि क्षेत्र की भूमि का अधिग्रहण नहीं किए जाने की बात कही। उन्होंने सीएम को पत्र भेजकर क्षेत्रवासियों के साथ जनसुनवाई करने की मांग की। शनिवार को संयुक्त किसान मोर्चा डोईवाला ने सहाकारी गन्ना विकास समिति के प्रांगण में बैठक की। जिसमें कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी गौरव सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा डोईवाला नगर पालिका के कुछ क्षेत्रों, मारखमग्रांट और अन्य ग्रामीण इलाकों को मिलाकर नए शहर बसाने की योजना बनाई गई है। इस खबर से क्षेत्रवासियों में डर का माहौल बना हुआ है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि डोईवाला क्षेत्र में नई इंटीग्रेटेड स्मार्ट सिटी बनाए जाने लिए शासन स्तर से 747 हेक्टेयर भूमि सरकारी और 2334 हेक्टेयर किसानों की भूमि अधिग्रहित की जानी है, जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा साफ नहीं है और लोगों को भ्रमित कर रही है।

# ऑटो चालकों की मनमानी, कोटद्वार से किशनपुरी तक डबल किया किराया

◆मालन नदी का पुल ढहने के बाद वैकल्पिक मार्ग से हो रही आवाजाही
◆किराया डबल होने से फैक्ट्रियों में काम करने वाले श्रमिक हो रहे परेशान

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** मालन नदी का पुल धराशायी होने के बाद भाबर वासियों की समस्याएं बढ़ने लगी है। हालत यह है कि कोटद्वार से किशनपुरी रूट पर चलने वाले ऑटो चालकों ने किराया डबल कर दिया है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी जशोधरपुर स्थित फैक्ट्रियों में काम करने वाले श्रमिकों को हो रही है। भाबर वासियों ने ऑटो चालकों की मनमानी पर विराम लगाने की मांग की है।

मालन नदी का पुल धराशायी होने के बाद कण्वाश्रम-ध्रुवपुर मोटर मार्ग से वाहनों की आवाजाही करवाई जा रही है। किशनपुरी व कोटद्वार के मध्य चलने वाले ऑटो भी इसी मार्ग से आवाजाही कर रहे हैं। लेकिन, कोटद्वार से किशनपुरी, कलालघाटी और सिगड्डी जाने वाले ऑटो संचालकों ने किराया 30 रुपये से बढ़ाकर 60 रुपये कर दिया है। भाबरवासी राजेंद्र सिंह, मनमोहन कुमार ने बताया कि किराया बढ़ने से सबसे अधिक परेशानी फैक्ट्रियों में काम करने वाले श्रमिकों को हो रही है।

प्रशासन को रूट पर चलने वाले ऑटो का किराया निर्धारित करना चाहिए। जिससे आमजन को परेशानियों का सामना न करना पड़े। वहीं, ऑटो चालकों ने बताया कि उन्हें वैकल्पिक मार्ग पर पांच से सात किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। ऐसे में किराया बढ़ाना उनकी मजबूरी हो गई है।

## तीरथ सिंह रावत आज पहुंचेंगे कोटद्वार

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत रविवार को कोटद्वार पहुंचेंगे। इस दौरान वह धराशायी हुए मालन नदी के पुल का स्थालीय निरीक्षण भी करेंगे। जानकारी देते हुए सांसद के निजि सचिव विजय सती ने बताया कि सुबह करीब साढ़े दस बजे सांसद हरिद्वार से कोटद्वार पहुंचेंगे। वह पुल का निरीक्षण करने के साथ ही आपदा प्रभावित क्षेत्रों का भी दौरा करेंगे। इसके उपरांत 11.45 पर वह वन विश्राम गृह पन्याली में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। दोपहर साढ़े तीन बजे वह सतपुली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# विद्यार्थियों ने दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी



कोटद्वार महाविद्यालय में प्रदर्शन करते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय महाविद्यालय छात्रसंघ के पदाधिकारियों व छात्रों ने विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। आंदोलनकारी छात्रों ने श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय प्रशासन पर छात्र हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मांगों के निराकरण की मांग की। छात्र आंदोलन को पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विजय रावत ने भी समर्थन दिया।

इस अवसर पर छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल और महासचिव शुभम सुयाल ने कहा कि श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय प्रशासन लंबे समय से छात्रों के हितों के साथ खिलवाड़ करता आ रहा है। नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर का अभी तक रिजल्ट घोषित नहीं किया गया है। वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से दो सेमेस्टर के बीच निर्धारित समय अंतराल से कम समय में परीक्षा कराई जा रही है, जिससे छात्रों को परीक्षाओं की तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। जहां विश्वविद्यालय में सभी कोर्स नई शिक्षा नीति के तहत संचालित हो रहे हैं।\

वहीं, बीएससी बायोटैक को अभी तक इसमें शामिल नहीं किया गया है, जिससे छात्र बीएससी बायोटैक में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। छात्रों का आरोप है कि राजनीति विज्ञान एमए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा मूल्यांकन में अनियमिताएं बरती गई। छात्र लंबे समय से महाविद्यालय में सिंगल विंडो सिस्टम खोलने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। चेतावनी दी कि यदि मांगों का जल्द निराकरण नहीं हुआ तो छात्रसंघ भूख हड़ताल शुरू करने को बाध्य होगा।

# अंकिता भंडारी के परिजनों ने प्रस्तावित धरने को किया स्थगित

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** अंकिता हत्याकांड के केस से सरकारी वकील के स्वयं ही हटने संबंधी पत्र मुख्यमंत्री को भेजे जाने के बाद अंकिता के परिजनों ने अब 17 अगस्त को प्रस्तावित धरने को स्थगित कर दिया है। अंकिता के परिजन लगातार इस मामले में सरकार की ओर से पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक जीतेंद्र रावत को हटाने की मांग कर रहे थे। शनिवार को पौड़ी के डीएम ने अंकिता के परिजनों को इस संबंध में जानकारी दी।

पौड़ी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अंकिता के पिता वीरेंद्र भंड़ारी ने कहा कि उनकी मांग पूरी हुई है।

इस मांग को लेकर वह जिला प्रशासन के साथ ही सीएम से भी मिले थे। अब क्योंकि सरकारी वकील जीतेंद्र रावत ने स्वयं ही इस केस से हटने संबंधी पत्र सीएम को भेज दिया है,

लिहाजा अब 17 जुलाई को प्रस्तावित धरने को भी स्थगित कर दिया गया है। शनिवार को अंकिता के परिजन डीएम से मिलने पौड़ी आए थे। इस दौरान डीएम ने अंकिता के परिजनों को इस बाबत विस्तार से जानकारी दी और बताया कि सरकारी वकील ने इस केस से हटने की खुद इच्छा जताते हुए सीएम को पत्र भेज दिया है। अंकिता की मां सोनी देवी और पिता वीरेंद्र भंडारी ने कहा कि वे इस फैसले से संतुष्ट है और प्रस्तावित धरना कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है।

# बेलगिरी आश्रम के समीप से औद्योगिक आस्थान तक पहुंचेंगे वाहन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** मालन नदी का पुल धराशायी होने के बाद सिडकुल ग्रोथ सेंटर तक कच्चे माल को पहुंचाना भी एक चुनौती बन गई है। ऐसे में अब प्रशासन वाहनों को फैक्ट्री तक पहुंचाने के लिए बेलगिरी आश्रम के समीप से व्यवस्थाएं बना रहा है। वर्तमान में मोटाढांग से छोटे वाहनों के द्वारा वैकल्पिक मार्ग से फैक्ट्री तक माल पहुंचाया जा रहा है।

मालन नदी का पुल टूटने के बाद हल्दूखाता पट्टी में स्थित सिडकुल ग्रोथ सेंटर व जशोधरपुर औद्योगिक आस्थान में सौ से अधिक इकाईयां हैं। पुल टूटने के बाद इन इकाईयों में माल की आवाजाही बड़ी परेशानी का सबब बन गई है। सिडकुल निर्माता संघ भी प्रशासन से माल की आवाजाही के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की मांग कर रहा है।



मोटाढांक के समीप भारी वाहन से छोटे वाहन में फैक्ट्री का सामन भरते श्रमिक

समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तल्ला मोटाढांक-बेलगिरी आश्रम-हल्दूखाता मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए तैयार करना शुरू कर दिया है। मालन नदी का जलस्तर कम होने के बाद इसी मार्ग पर फैक्ट्री के वाहनों की आवाजाही करवाई जाएगी।

# पुल टूटने पर आक्रोश, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** कोटद्वार-भाबर को जोड़ने वाले मालन पुल के टूटने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त किया है। पुल टूटने के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पुल पर प्रदर्शन किया और प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि भाजपा सरकार की अदूरदर्शिता के कारण भाबर क्षेत्र की लाइफ लाइन मालन पुल ध्वस्त हो गया है। इस कारण भाबर क्षेत्र की जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि भाजपा के अब तक के शासन काल में नदियों में अनियंत्रित खनन जारी है। खननकारियों ने पुल के पिल्लरों की जड़ तक खनन कर दिया। इसी का परिणाम है कि तेरह साल पुराना मालन पुल टूट गया। इस कारण भाबर क्षेत्र स्थित औद्योगिक इकाइयों के उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, साथ ही भाबर क्षेत्र से मुख्य बाजार तक आवागमन करने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार से पुल का शीघ्र निर्माण कराने और भाबर क्षेत्र से आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की और ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन करने वालों में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, रमेश खंतवाल, विमल बिष्ट, संदीप रावत, वीरेंद्र मल्ल, भारत सिंह नेगी, हरि सिंह नेगी, हिम्मत सिंह नेगी, शशिभूषण शाह, अमितराज सिंह और बलबीर सिंह रावत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जहरखुरानी का शिकार हुए युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

◆पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंपा
◆रिखणीखाल ब्लॉक के अंतर्गत गुडला गांव से चंडीगढ़ नौकरी पर जा रहा था युवक

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** रिखणीखाल ब्लॉक के गुडला गांव से चंडीगढ़ नौकरी पर जा रहा एक युवक जहरखुरानी गिरोह के शिकार हो गया। उसे राजकीय बेस अस्पताल कोटद्वार में भर्ती कराया गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

मृतक के परिजनों ने बताया कि ग्राम पंचायत चिणबो ( सिसल्डी ) के तोक ग्राम गुडला निवासी रोहित नाथ (22) पुत्र विनोद नाथ चंडीगढ़ के एक होटल में शेफ की नौकरी करता था। शुक्रवार को वह अपने गांव से निकला था, कोटद्वार से चंडीगढ़ की सीधी बस नहीं मिलने पर वह हरिद्वार चला गया। हरिद्वार से वह चंडीगढ़ की बस में बैठा था, तभी दो युवक उसके पास आए और उससे बातचीत करने लगे। एक युवक ने उसे बोतल से पानी पीने को दिया। पानी पीने के बाद वह बेहोश हो गया। बदमाशों ने उसकी जेब से करीब दो हजार रुपये निकाल कर भाग गए। बस चालक व परिचालक ने उसे बेहोशी की हालत में बस से उतारा और 108 एंबुलेंस को बुलाकर उसे हरिद्वार के सरकारी अस्पताल भेज दिया। सरकारी अस्पताल से किसी व्यक्ति ने उसके पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी। शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे परिजन उसे लेकर बेस अस्पताल कोटद्वार पहुंचे। जहां पर उपचार के दौरान करीब दो घंटे बाद उसके मौत हो गई। कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि युवक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## कार दुर्घटना में बहे युवाओं का अब तक नहीं चला कोई पता

**कोटद्वार :** कोटद्वार-पौड़ी हाईवे पर सिद्धबली और लालपुर के बीच हुई गत मंगलवार को हुई कार दुर्घटना में खोह नदी में समाई कार में सवार लापता चल रहे दो लोगों का अभी कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस, एसडीआरएफ और लापता हुए लोगों के गांव के लोग उनकी तलाश में खोह नदी खंगाल रहे हैं। मंगलवार 11 जुलाई की देर शाम को दुगड्डा से कोटद्वार की ओर से आ रही एक सेंट्रो कार अनियंत्रित होकर उफनती खोह नदी में जा गिरी थी। दो लापता लोग वसीम पुत्र यामीन निवासी ग्राम बसेड़ा और शहाबुद्दीन निवासी मेमन बनेड़ा का अभी तक पता नहीं चल सका है। कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि दो लापता लोगों की तलाश के लिए ग्रामीणों के साथ पुलिस और एसडीआरएफ सर्च अभियान चला रही है।

# रोटरी क्लब के नए पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया

**श्रीनगर गढ़वाल :** रोटरी क्लब श्रीनगर गढ़वाल की नई कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। क्लब में राहुल कपूर को अध्यक्ष, डा. केके गुप्ता को सचिव और संजय रावत को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। रोटरी क्लब का कॉलर चेंज कार्यक्रम यहां एक होटल में संपन्न हुआ। इस मौके पर निर्वतमान पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पदभार सौंपा।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल कपूर ने कहा कि रोटरी समाजसेवा का विश्व व्यापी मंच है। जिसमें हमें अपने गांव, शहर से लेकर दुनिया के कोने-कोने तक समाज सेवा में भागीदारी का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी रोटेरियन से समाज सेवा में तत्पर रहकर कार्य करने का आह्वान किया। क्लब के सचिव डा. केके गुप्ता ने रोटरी क्लब के पदाधिकारियों से नई ऊर्जा से कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने नए सत्र में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेख भी प्रस्तुत की। मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष खिलेंद्र चौधरी, सचिव दिनेश प्रसाद जोशी, कोषाध्यक्ष अनिल ढौंडियाल ने अपने कार्यकाल में किये गए सहयोग के लिए सभी रोटेरियन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बृजेश भट्ट, नरेश नौटियाल, अनूप घिल्डियाल, डा. हरीश भट्ट आदि मौजूद रहे। संचालन डा. मोनिका गुप्ता ने किया। (एजेंसी)

## वैकल्पिक मार्ग बनाने पर चल रहा काम

**पौड़ी :** बारिश से कोटद्वार में मालन नदी पर बने पुल टूटने की घटना को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि भाबर को कोटद्वार से जोड़ने के लिए तीन वैकल्पिक मार्ग बनाने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा एक अन्य वैकल्पिक मार्ग के रूप में 50 मीटर स्पान ब्रिज का निर्माण करने को लेकर बीआरओ मौके पर मौजूद है।शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में डीएम डा.आशीष चौहान ने कहा कि नीलकंठ क्षेत्र में कांवड़ यात्रा को लेकर निरंतर स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। बाघ खाला से नीलकंठ के रास्ते पर मोनी बाबा आश्रम तक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है।

## सौड़ से शराब की दुकान खुलने से ग्रामीणों में आक्रोश

**पौड़ी :** देवप्रयाग के सौड़ में शराब की दुकान खुलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है। जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन देकर जल्द ही शराब की दुकान को बंद करने की मांग की है।शनिवार को नगरपालिका परिषद देवप्रयाग के अध्यक्ष कृष्णकांत कोटियाल के नेतृत्व में ग्रामीण डीएम से मिले। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि नगरपालिका परिषद देवप्रयाग के वार्ड न.4 धनेवश्वर वार्ड में सम्मिलित क्षेत्र ग्राम सौड में किसी व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से रातों-रात शराब का ठेका खोला गया है। जिससे ग्रामीण महिलाएं परेशान हैं। कहा कि देवप्रयाग से करीब दो किमी. की दूरी पर पहले से ही शराब का ठेका है। उन्होंने सौड़ में शराब की दुकान को बंद करने की मांग की है। इस मौके पर देवेश्वरी देवी, राखी, अनुसूया, दीपक, रघुवीर, आशा देवी, मंजू आदि शामिल रहे।

# गढ़वाल विवि ने किया सम सेमेस्टरों की परीक्षाओं की तिथि में बदलाव

जयन्त प्रतिनिधि।

**श्रीनगर गढ़वाल :** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि ने स्नातक स्तर के सम सेमेस्टरों की परीक्षाओं की तिथि में बदलाव किया है। इस सदंर्भ में गढ़वाल विवि के परीक्षा नियंत्रक एमएम आजाद ने नोटिफिकेशन जारी किया है। जिसमें बताया गया है कि बीए, बीएससी, एलएलबी एवं एम फार्मा की चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर 2022-23 की परीक्षा तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि बीएससी चुतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर की वनस्पति विज्ञान विभाग की स्किल एन्हांसमेंट फ्लोरी क्लचर की परीक्षा 14 अगस्त को प्रातः 8 बजे से शुरू होगी। जबकि बीएससी षष्टम सेमेस्टर के बायोटैक्नोलोजी की स्किल आईपीआर एंटरप्रेन्योरशिप बायो– एथिक्स एंड बायोसेफ्टी की परीक्षा 8 अगस्त को आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि एलएलबी चुतुर्थ समेस्टर की इन्वायरोमेंट लॉ की परीक्षा 9 अगस्त व एलएलबी षष्टम सेमेस्टर इन्टरप्रेटेशन ऑफ स्टेटस एंड प्रिंसीपल ऑफ लेजस्लैसन की परीक्षा 31 जुलाई को सुबह आठ बजे से होगीआयोजित की जायेगी। वहीं बीफार्मा षष्टम सेमेस्टर की फार्माकोगनॉलॉजी-3 की परीक्षा 24 जुलाई को अपाह्न 2 बजे से होगी। बीए षष्टम सेमेस्टर के संस्कृत विषय की स्किल इंडिया थिएटर की परीक्षा 19 अगस्त और बीए चतुर्थ सेमेस्टर के शिक्षाशास्त्र स्किल कम्युनिटीस एंड पॉलिसी फार्मेशन इन एजुकेशन की परीक्षा आगामी 11 अगस्त को सुबह 8 बजे से आयोजित की जाएगी। (एजेंसी)

# चोपड़ा सुनारसारी गांव में चोरों ने तीन घरों के ताले तोड़े

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** कल्जीखाल ब्लाक के चोपड़ा सुनारसारी में चोरों ने तीन घरों में ताले तोड़ दिए। पीड़ितों ने राजस्व प्रशासन को तहरीर देकर जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की है। राजस्व पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चोरों द्वारा कल्जीखाल ब्लाक के चोपड़ा सुनारसारी में चोरी को अंजाम दिया। क्षेत्र के राजस्व उपनिरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि विनीता देवी पत्नी रमेश सिंह द्वारा उन्हें तहरीर दी गई है। जिसमें उन्होंने कहा है कि वह अपने भाई के मकान की देखभाल करती हैं। बारिश को देखते हुए हुए अपने ससुराल ओलना गांव गई हुई



थी। बताया कि बीते 13 जुलाई को उनके दादा पितांबर सिंह द्वारा बताया गया कि गांव सुनारसारी में तीन घरों के ताले टूटे हुए हैं। जिसके बाद वह सुनार सारी गांव आई। तब पता चला कि उनके भाई के मकान के तीन ताले टूटे हुए हैं और घर के अंदर रखें बक्सों के भी दो ताले टूटे हुए हैं और सामान इधर-उधर बिखरा हुआ है। बताया कि चोर बक्से में रखे 3 हजार और खाने का सामान भी चोरी कर ले गए। वहीं चोरों द्वारा घर में खाना बना कर भी खाया गया। बताया कि तहरीर में दो अन्य घरों में भी चोरी होने की बात भी कही गई है। बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 65 मोटरमार्ग रहे बंद

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** बारिश से जिले के 65 मोटरमार्ग अभी तक नहीं खुल पाए है। जिससे अब ग्रामीणों को आवाजाही में दिक्कतें होने लगी है।

शनिवार को जिले के 1 राज्यमार्ग सहित 65 मोटरमार्गा पर यातायात ठप रहा। मोटरमार्गों को खोलने के लगातार प्रयास नहीं किए जा रहे है लेकिन मोटरमार्गों पर जगह-जगह बोल्डर व मलबा आने से लोगो को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# खतरे से बाहर है प्रदेश की सभी नदियों का जल स्तर : महाराज

जयन्त प्रतिनिधि।

**देहरादून :** भारी बारिश के बावजूद एक-दो नदियों को छोड़कर प्रदेश की शेष सभी नदियों एवं जलाशयों में जल स्तर चेतावनी लेबल से भी नीचे रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश के सिंचाई, लघु सिंचाई, पर्यटन, लोक निर्माण, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, जलागम प्रबन्धन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि भारी बारिश के बावजूद राज्य में लगभग सभी नदियों एवं जलाशयों में जल स्तर वार्निंग लेबल से नीचे ही रहा है। कहा कि प्रदेश की सभी नदियों और जलाशयों का पूरा ब्योरा उन्हें मिल गया है। धारचूला स्थित काली नदी और रूड़की स्थित सोलानी नदी का जल स्तर चेतावनी लेबल से कुछ प्वाइंट बढ़ा था, लेकिन अब नीचे आ चुका है, जबकि अन्य नदियों का जल स्तर भी लगातार नीचे आ रहा है। इसलिए अब खतरे की कोई बात नहीं है।

## बेनीताल में मेला 9 अगस्त से, तैयारियां शुरू

**चमोली :** विकासखंड के बेनीताल में 9 अगस्त से दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। यहां उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी एवं गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने के लिए 38 दिनों तक आंदोलन करने वाले शहीद बाबा मोहन उत्तराखंड की स्मृति में मेले का आयोजन किया जाता है। जिसके लिए आयोजन समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बेनीताल मेला विकास समिति के सचिव वीरेंद्र सिंह मिंगवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी नौ अगस्त से पर्यटक स्थल एवं एस्ट्रो विलेज बेनीताल में मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश सरकार के 13 जिले 13 डेस्टीनेशन में से एक बेनीताल में आयोजित होने वाले मेले के लिए सांस्कृतिक, खेल एवं अन्य गतिविधियों के लिए कमेटियां बनाकर तैयारियां की जा रही हैं। जबकि मेले के दौरान सड़क, यातायात, पेयजल, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जैसी व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभागों को पत्र दिए जा रहे हैं। मिंगवाल ने बताया कि मेले में विभिन्न व्यवस्थाओं के साथ ही मेले में भागीदारी के लिए जिलाधिकारी हिमांशु खुराना को आमंत्रण दिया गया है। साथ ही लोनिवि को सड़क दुरुस्त करने की मांग की गई है। (एजेंसी)

# चार नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनों को किया सम्मानित




पिथौरागढ़। जोहार सांस्कृतिक संगठन की ओर से डीएम कार्यालय में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक हासिल करने वाली युवतियों को सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र, सम्मान पत्र, उपहार भेंट कर युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया गया।

जिला कार्यालय में डीएम रीना जोशी ने यूथ महिला राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने वाली निकिता चंद, काजल फर्स्वाण, दीपा मेहता व रजत पदक विजेता कर्निका कठायत को सम्मानित किया। डीएम रीना ने कहा कि पहाड में युवा प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्होंने जिला क्रीडाधिकारी प्रताप सिंह को युवा प्रतिभा को तराशने के लिए जिला स्तर में नियमित तौर पर प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि इससे अन्य युवा खिलाडियों को भी प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में अध्यक्ष भूपाल सिंह बरफाल, उत्तराखंड पेयजल निगम के अधीक्षण अभियंता व संरक्षक रंजीत सिंह धर्मशक्तु, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक कविता भगत, संगठन के सचिव गणेश सिंह मर्तोलिया, कोषाध्यक्ष सुंदर सिंह मर्तोलिया, जानकी मेहता,शेर सिंह कोरंगा, केदार सिंह लस्पाल, खुशाल सिंह मर्तोलिया सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### 2 करोड़ 48 लाख से होगा डामरीकरण का कार्य

हल्द्वानी। बास्कोटी से पजैना, धैना, लिगडानी मोटर मार्ग पर 2 करोड़ 48 लाख रुपये से डामरीकरण होगा। विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया बास्कोटी से पजैना, धैना, लिगडानी मोटर पर लंबे समय से डामरीकरण नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अधिक बरसात से वाहन कीचड़ में फंस रहे हैं। क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग पर दुर्घटना का खतरा बना रहता था। तीन हजार की आबादी के गांव के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विधायक ने लोनिवि अधिकारियों से क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग की डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने को कहा। जिसे मंजूरी मिल गई है।

# प्रतिनिधि सम्मेलन में उठेगा 20 गांव का मुद्दा : बाजवा

काशीपुर। रुद्रपुर के पुरानी अनाज मंडी में आज यानी रविवार को प्रस्तावित संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों के सम्मेलन में 20 गांव का मुद्दा शोर–जोर से उठाया जाएगा। साथ ही किसानों की समस्याओं पर भी चर्चा की जाएगी। यह बात किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने पत्रकार वार्ता में कही।शनिवार को भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक बाजवा ने किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के सम्मेलन में विशेष रूप से बाजपुर के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के विषय पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद आगामी आंदोलन को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा हजारों किसान, मजदूर, व्यापारी परिवार 3 सालों से अधिक समय से अपनी जमीनों के भूमिधरी अधिकार वापस मांग रहे हैं। लेकिन सरकार के उपेक्षा पूर्ण रवैये के चलते अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कहा भाजपा सरकार के तीन–तीन मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने आश्वासन तो दिए, पर समस्या का समाधान नहीं किया। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी मामले में ठोस आश्वासन दिया था। आधा अधूरा प्रयास करने के बाद वह चुप्पी साधे हैं। सांसद भी इस विषय पर कुछ नहीं बोल रहे हैं और न ही मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इस पर सदन में कोई आंदोलन की रूपरेखा तैयार की। कहा सत्ता पक्ष और विपक्ष मिलीभगत कर किसानों से जमीन छीनने का षड्यंत्र रच रही है।

### काली नदी चेतावनी निशान पार

पिथौरागढ़। क्षेत्र में लगातार बारिश के बाद काली नदी उफान में बह रही है। जिससे नदी किनारे की आबादी में दहशत है। काली नदी का चेतावनी निशान 889 मीटर है। काली नदी देर रात हुई बारिश के बाद अब 889.40 मीटर पर बह रही है।

# 2006 से रामंगगा नदी में स्वीकृत पुल का निर्माण करने की मांग

पिथौरागढ़। 2006 में आंवलाघाट में स्वीकृत पुल के निर्माण कार्य शुरु न होने पर पूर्व पालिकाध्यक्ष सहित अन्य ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन दिया है। उन्होंने रामगंगा नदी में स्वीकृत पुल का निर्माण कार्य शुरु करने की मांग की है। शनिवार को पूर्व नगरपालिकाध्यक्ष जगत सिंह खाती ने 2006 में रामगंगा नदी में स्वीकृत पुल के निर्माण के लिए डीएम को ज्ञापन दिया। कहा कि शासन की ओर से आंवलाघाट के समीप 35 मीटर पुल 2006 में स्वीकृत हो चुका है जिसमें अभी तक कोई कार्रवाई नहीं प्रारंभ हुई है। पुल बन जाने से पिथौरागढ़ से गंगोलीहाट की दूरी लगभग 35 किमी कम हो जाएगी और आपदा के दौरान हल्द्वानी,देहरादून सहित अन्य महानगरों में जाने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग तैयार हो जाएगा। भेरंगपट्टी, बोयल, खुलेत, सुनाल, सकार, चौंली, बहिलकोट, पाली, पोखरी, अग्रोन, चिटगल, उपराडा व पिथौरागढ़,कनालीछीना के 30 से अधिक गांवों को सड़क सुविधा का भी लाभ मिलेगा। बताया कि प्रसिद्ध चंडिका मंदिर,हाट कालिका मंदिर व पाताल भुवनेश्वर को जोड़कर एक पर्यटन सर्किट बन सकता है जिससे एक दिन में ही पर्यटक तीनों प्रसिद्ध स्थानों में दर्शन कर सकते हैं। इस दौरान लाल सिंह मेहता,लक्ष्मण सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मोबाइल चोरी करने वाले 2 चोरों को पुलिस ने पकडा

पिथौरागढ़। मोबाइल की दुकान से दो लाख से अधिक मूल्य के मोबाइल चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि वारदात के 24 घंटे के भीतर आरोपी पकड लिये हैं।

### मंत्री रेखा आर्या का आभार जताया

हल्द्वानी। मूल निवासी संघ के पदाधिकारियों ने बैठक कर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या का आभार जताया है। उन्होंने बैठक कर उपनल, आउटसोर्स और संविदा भर्तियों में आरक्षण की मांग उठाई थी, जिसका मंत्री ने समर्थन किया है। शनिवार को हुई बैठक में जिला अध्यक्ष आरपी गंगोला ने बताया कि संघ ने एक सप्ताह पहले कैबिनेट मंत्री आर्या को पत्र भेजकर विभागों में खाली पड़े पदों को भरने व उपनल, आउटसोर्स व संविदा पर हो रही भर्तियों में अनुसूचित जाति व जनजाति के युवाओं को आरक्षण देने की मांग उठाई थी। इन मांगों का मंत्री ने समर्थन कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# अतिथि शिक्षकों में समायोजन न होने से आक्रोश



पिथौरागढ़। अतिथि शिक्षकों का समायोजन न होने पर शिक्षा विभाग की कार्यशैली को लेकर आक्रोश जताया है। अन्य जनपदों में समायोजन होने व जनपद में शिक्षा विभाग की लेटलतीफी के चलते अतिथि शिक्षकों का अभी तक समायोजन नहीं हो पाया है। उन्होंने विधायक महर को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। शनिवार को अतिथि शिक्षकों ने सुरक्षित भविष्य व समायोजन की मांग को लेकर विधायक मयूख महर को ज्ञापन दिया। कहा कि दुर्गम अति दुर्गम में अतिथि शिक्षक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सीधी भर्ती, प्रमोशन, स्थानांतरण होने पर पिथौरागढ़ में 35 व राज्य में 400 से अधिक अतिथि शिक्षक प्रभावित हुए हैं। सबसे अधिक व्यायाम,हिन्दी,कला सहित अन्य विषय के अतिथि शिक्षकों को हटाया गया है। प्रदेश सरकार की ओर से कोई ठोस नियमावली न बनने के कारण अतिथि शिक्षक खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। विधायक महर ने फोन पर डीएम रीना जोशी,मुख्य शिक्षाधिकारी एके जुकरिया को फोन कर अतिथि शिक्षकों का जल्द समायोजन करने के आदेश दिए।

# अस्पताल से सोने की माला लूटने वाला अभियुक्त गिरफ्तार




अल्मोड़ा। बीती 10 जुलाई को वादी मनीष सिंह चम्याल अपनी ताई को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा लाए थे, ताई को एक्स रे हेतु ले जाने के दौरान उनके गले की सोने की हार वादी के हाथ से कोई अज्ञात चोर छीन कर भाग गया था।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार द्वारा घटना के अनावरण व संलिप्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु एसएसआई सतीश चन्द्र कापड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम द्वारा अज्ञात अभियुक्त की तलाश हेतु जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा के आस–पास व नगर के लगभग 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहनता से अवलोकन कर ठोस सुरागरसी पतारसी करते हुए लूट के अभियुक्त तारा सिंह(44 वर्ष) पुत्र मोहन सिंह निवासी ग्राम क्वेराली, पो० क्याला को शुक्रवार 14 जुलाई को नगर के टैक्सी स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटी हुई सोने की माला (हार) बरामद किया गया।

### विपुल बने महाराजा अग्रसेन युवा समिति के अध्यक्ष

हल्द्वानी। महाराजा अग्रसेन युवा समिति के नई कार्यकारिणी के चुनाव रामपुर रोड स्थित एक होटल में हुए। जिसमें सर्वसम्मति से विपुल अग्रवाल को अध्यक्ष, कनव अग्रवाल को महामंत्री और लव मित्तल को कोषाध्यक्ष चुना गया।

शनिवार को चुनाव अधिकारी के तौर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल पप्पी, महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल ने युवा समिति की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न कराया।

# जिले की हर न्याय पंचायत में होगा बहुउद्देशीय शिविर का आयोजनः जिलाधिकारी

हल्द्वानी। जिलाधिकारी वंदना ने बताया कि जिले की हर न्याय पंचायत में बहुद्देशीय शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकताओं में 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम के तहत यह शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसके माध्यम से ग्रामीण जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान, मूलभूत सुविधाए मुहैया कराने, विभागीय योजनाओं की जानकारी देने व ग्रामीणों को सरकार की योजना का फायदा पहुंचाया जाएगा। डीएम ने बताया बहुद्देशीय शिविरों के आयोजन को रोस्टर, तिथि व विकास खंडवार स्थान आवंटित कर दिए हैं।

शिविरों के नामित नोडल अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी शिविर में स्वंय उपस्थित रहेंगे। साथ ही बहुद्देशीय शिविर में समस्त विभाग लाभार्थियों को मंडूर योजनाओं का फायदा दिलाना सुनिश्चित करेंगे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग जांच व निशुल्क दवाईयों के साथ ही दिव्यांगजनों के यूडीआईडी लम्बित प्रकरणों की जांच कर कार्ड ऑनलाइन तैयार करेंगे। मनोचिकित्सक उपस्थिति अनिवार्य की गई है। इसके साथ ही बाल विकास विभाग महालक्ष्मी किट, सेनेट्री नैपकीन, समाज कल्याण विभाग वृद्धापेंशन, दिव्यांग, किसान पेंशन, तिलू रौतेली, बौना पेंशन के आवेदन ऑनलाइन करेंगे। शिविर में जिले के हर विभाग की मौजूदगी अनिवार्य है।

# लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जीतेगी उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटः डॉ उमाशंकर



अल्मोड़ा। कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी एलडीएम डा उमाशंकर ने जो कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी व कांग्रेस कन्वीनर उत्तराखंड भी हैं ने आज पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक के कैम्प कार्यालय में प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए श्री उमाशंकर ने कहा कि उन्हें सीधे अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा यह जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने लोकसभा क्षेत्र में जाकर जिला, ब्लॉक एवं बूथ स्तर पर कांग्रेस के लिए समर्पित कार्यकर्ता को खोजें एवं उन्हें संगठन में जिम्मेदारी दें। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि बूथ स्तर पर कम से कम तीस नये कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जाए जिससे कि कांग्रेस संगठन बूथ स्तर पर मजबूत हो सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वे लगातार इस लोकसभा सीट पर कांग्रेस की जीत के लिए प्रत्येक जिले में जाकर कांग्रेस के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को खोजने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर अपना परचम लहराएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा की इस सरकार में महंगाई ने मध्यमवर्गीय एवं गरीब वर्ग की स्थिति बेहद दयनीय हो गयी है। उनके सामने अपने परिवार का भरण पोषण करना तक मुश्किल हो रहा है। आज पेट्रोल डीजल के अलावा दैनिक उपभोग की सभी वस्तुओं की कीमत आसमान पहुंच गयी है। टमाटर, अदरक, सब्जियां मध्यमवर्गीय की पहुंच से बाहर हो गई हैं। उन्होंने कहा कि अब भाजपा सरकार से जनता का मोह भंग हो चुका है। इसके साथ ही उन्होंने बिट्टू कर्नाटक की सराहना करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की संस्तुति पर उन्हें वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष का पद सौंपा गया था उस पर वे लगातार खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं।

### ठेकेदार यूनियन ने लोनिवि से की भुगतान की मांग

पिथौरागढ़। बेरीनाग में महाकाली ठेकेदार यूनियन के अध्यक्ष राम सिह बिष्ट के नेतृत्व में ठेकेदारों ने लोनिवि के अधिशासी अभियन्ता से मुलाकात कर एक ज्ञापन दिया। उन्होंने निर्माण कार्यों की अवशेष धनराशि का भुगतान करने की मांग की। शनिवार को अधिशासी अभियंता से मिले ठेकेदारों ने कहा कि पिछले साल किए गये कार्यो के पूर्ण होने के बाद विभाग ने अभी तक ठेकेदारों का भुगतान नहीं किया है। कहा कि हमारे सामने धनाभाव के कारण संकट पैदा हो गया है।इस मौके पर केदार सिह कार्की,राम सिंह विष्ट,गीतांजलि पाण्डेय,कुन्दन डसीला,पुष्कर सिंह रावत,रमेश सिंह,भूपाल सिंह सत्याल, केदार सिंह, गोकुल प्रसाद ,पूरन चन्द उपाध्याय, भरत सिंह,महेन्द्र सिंह पथनी, अवधेश सिंह,कृपाल रौतेला कैलाश कोठारी, गोविंद पाण्डेय मौजूद रहे।

# सीधी भर्ती के विरोध में उतरे सफाई कर्मी

हल्द्वानी। पर्यावरण पर्यवेक्षकों के पद सीधी भर्ती से भरे जाने की सुगबुगाहट से सफाई कर्मचारियों की नाराजगी बढ़ गई है। मामले में शनिवार को देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने शहरी विकास विभाग के सचिव को पत्र भेजकर भर्ती पर रोक लगाने की मांग की गई है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह ने शहरी विकास विभाग के सचिव को पत्र भेजकर बताया है कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से पर्यावरण पर्यवेक्षक पदों पर भर्ती कराई जा रही है। जबकि संघ पूर्व से ही पर्यावरण मित्रों की पदोन्नति पर्यावरण पर्यवेक्षक के पद पर करने की मांग करता आ रहा है। 2021 में प्रदेश भर में हुए आंदोलन में पर्यावरण मित्रों की यही प्रमुख मांग थी। उस समय भी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से पर्यावरण पर्यवेक्षक पदों पर विज्ञान वर्ग से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए थे।

संघ ने इसका पुरजोर विरोध करते हुए दो जुलाई 2021 को पत्र लिखकर पर्यावरण मित्रों की पदोन्नति करने की मांग की थी। जिसके बाद शासन ने संज्ञान लेते हुए भर्ती पर रोक लगाई थी। मामला फिलहाल शासन स्तर पर विचाराधीन है और जब तक हल नहीं हो जाता, भर्ती परीक्षा कराना न्यायोचित नहीं है।

# एसएसजे विवि ने बीएड पाठ्यक्रम में नई शिक्षा नीति के अनुरूप व्यावहारिक एवं प्रायोगिक बदलाव

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में बीएड एवं एमएड पाठ्य समिति की दो दिवसीय बैठक का शनिवार को संपन्न हो गई है।

जिसमें नई शिक्षा नीति के अनुरूप अध्यापक शिक्षा में नवाचारी परिवर्तन लाने को प्रायोगिक कार्य एवं मूल्यांकन प्रणाली में फेरबदल किया है। एसएसजे विवि के शिक्षा संकाय की डीन प्रो भीमा मनराल ने बताया कि एसएसजे विवि से संबद्ध सभी परिसरों, महाविद्यालयों में बीएड के पाठ्यक्रम में जरूरत के हिसाब से कुछ परिवर्तन किए गए है। जिसमें बीएड पाठ्यक्रम में नई शिक्षा नीति के अनुरूप परिवर्तन लाने के लिए व्यावहारिक एवं प्रायोगिक बदलाव किए गए है। उन्होंने बताया कि बीएड चतुर्थ सेमेस्टर में अब एक एक्सपर्ट के माध्यम से बाह्य मूल्यांकन किया जाएगा। साथ ही अब बीएड कोर्सवर्क के दौरान अब कुल मिलाकर दो बाह्य एक्सपर्ट की ओर से मूल्यांकन किया जाएगा। बकायदा इसके लिए अंकों का क्राइटेरिया भी पाठ्य समिति ने तय कर लिया गया है। साथ ही एसएसजे विवि से संबद्ध सभी परिसरों एवं महाविद्यालयों में एक पाठ्य योजना भी लागू कर दी गई है। जिसका प्रारूप सभी कॉलेजों एवं महाविद्यालयों को भेजा जा रहा है। समिति की ओर से किए गए बदलावों को आगामी सत्र 2023–25 से ही पूरी तरह से लागू भी कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा संकाय की ओर से एसएसजे विवि के बीएड एवं एमएड एक्सपर्ट की सूची भी जारी कर दी गई है। चयनित प्राध्यापक ही अब बीएड कॉलेजों में परीक्षक की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, शनिवार को शोध उपाधि समिति की बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें पांच शोधार्थियों के शोध प्रबंध रूपरेखाओं का अनुमोदन भी कमेटी की ओर से किया गया।

### सट्टे की खाईबाड़ी करता आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर कटोराताल चौकी पुलिस ने नईबस्ती निवासी शराफत हुसैन पुत्र करामत हुसैन को सट्टे का नंबर लगाते धर दबोचा। पुलिस ने उसके पास से 1050 रुपये, गत्ता और पर्ची बरामद की है। उसका 13 जुआ अधिनियम में चालान किया है।

### रेल किराये–भाड़े में वरिष्ठ नागरिकों को 40% छूट मिले

काशीपुर। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के प्रतिनिधि मंडल ने शहर की समस्याओं को लेकर एसडीएम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ज्ञापन भी दिया। शनिवार समिति अध्यक्ष हरीश कुमार सिंह ने कहा वरिष्ठ नागरिकों और सहयात्री को रेल किराये–भाड़े में पहले की तरह 40% की छूट दी जाए।

इसके अलावा शहर में संचालित ई–रिक्शा का रूट और किराया भी निर्धारित हो। कहा काशीपुर तहसील को मूल स्थान से अन्यत्र स्थानांतरित न किया जाए। इससे बुजुर्ग और महिलाओं को दिक्कतें उठाई पड़ेगी। इस दौरान उन्होंने मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध दवाइयों पर वरिष्ठ नागरिकों को प्रिंट रेट से 25% की छूट देने की भी मांग की।

# तीन सप्ताह से बंद है 35 करोड़ की लागत से बनी सरयू दन्या लिफ्ट पम्पिंग योजना



अल्मोड़ा। दन्या–सरयू –बेलक पंपिंग योजना बीते तीन सप्ताह से बंद है। पेयजल आपूर्ति ठप होने से 40 ग्राम पंचायतों के दो सौ से अधिक गांवों में पेयजल की जबरदस्त किल्लत हो रही है। धौलादेवी ब्लॉक के अनेक जनप्रतिनिधियों ने पेयजल आपूर्ति शीघ्र सुचारू न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पांच साल पूर्व सरयू नदी से 35 करोड़ से अधिक की लागत से लिफ्ट पेयजल योजना बनाई गई थी। इस योजना से धौलादेवी विकासखंड में 40 ग्राम पंचायतों के दो सौ से अधिक गांवों में पेयजल आपूर्ति होती है। योजना निर्माण के दौरान हुई तकनीकी गड़बड़ी के चलते बरसात में इनटेक वैल से पानी लिफ्ट होना बंद हो जाता है। पिछले 21 दिनों से पानी लिफ्ट न होने से दो सौ से अधिक गांवों में पेयजल के लिए मारामारी मची है। क्षेत्र के अनेक ग्राम प्रधानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक सप्ताह में आपूर्ति सुचारू न होने पर पेयजल निर्माण निगम के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी है। दीपक जोशी अवर अभियंता, पेयजल निर्माण निगम अल्मोड़ा ने बताया कि काफी दिनों से लगातार बारिश होने से सरयू नदी उफान पर है।

# सीडीओ ने किया पीएम फसल बीमा योजना के प्रचार वाहन को रवाना

रुद्रप्रयाग : जिले के किसानों को पीएम फसल बीमा योजना खरीफ 2023 का लाभ देने एवं फसल बीमा कराने के लिए जागरूक करने के लिए वाहन क्षेत्रों में रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने विकास भवन परिसर से पीएम फसल बीमा योजना के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर सीडीओ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों की खरीफ की फसलों को किसी भी दैवीय आपदा, बाढ़ एवं अन्य कारणों से कोई क्षति होती है तो उसका बीमा क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है जिसके लिए किसानों को खरीफ की फसलों का बीमा कराने के लिए प्रचार वाहन के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर किसानों को जागरूक करते हुए खरीफ की फसल धान एवं मंडुवा का बीमा करवाने के लिए प्रेरित करेगा ताकि किसी भी आपदा के कारण फसलों को होने वाली क्षति पर किसानों को फसलों की बीमा की धनराशि उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि किसानों को मंडुवा की फसल के लिए प्रति नाली 19 रुपये 37 पैसा तथा धान की फसल के लिए 21 रुपये 37 पैसा प्रीमियम जमा करना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है तथा इस दिशा में बेहतर ढंग से कार्य किया जा रहा है ताकि किसी भी कारणों से फसलों को नुकसान होने पर उनका बीमा करवा कर उनके आर्थिक बोझ को कम करते हुए एवं फसल के नुकसान की निर्धारित धनराशि का बीमा उपलब्ध हो सके। इस मौके पर मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# नैक की तैयारी दो दिन में पूरी करें : निदेशक

टिहरी : एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विवि परिसर बादशाहीथौल में नैक की तैयारियों को लेकर परिसर निदेशक ने विभिन्न विभागों के प्रभारियों की बैठक ली। परिसर निदेशक ने नैक से संबधिंत सभी तैयारियों को दो दिन के भीतर पूरा करने के निर्देश दिये हैं।शनिवार केंद्रीय विवि परिसर बादशाहीथौल के परिसर निदेशक प्रो.एए बौड़ाई ने पुस्तकालयध्यक्ष, क्रीड़ा, एनसीसी, एनएसएस सहित तमात विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर नैक की तैयारियों के संबंध में जानकारी हासिल की। निदेशक ने कहा कि जिन विभागों ने अभी तक तैयारियां पूरी नहीं की वह दो दिन के भीतर सभी तैयारियां पूरी कर लें। नैक समन्वयक प्रो. डीएस कैंतुरा ने बताया जिन विभागों की ओर से नैक की तैयारियों को लेकर किसी प्रकार की कमी रह गई हो,उसे तत्काल पूर्ण करा लिया जाऐगा। बैठक में प्रो. सुनीता गोदियाल, प्रो. पीडी सेमल्टी, प्रो. एके पाण्डेय, प्रो. एनके अग्रवाल, प्रो. सुबोध कुमार, प्रो.डीएस बागड़ी, प्रो. गीताली पडियार, प्रो. बीना जोशी, डा. विशाल गुलेरिया, डा. ममता राणा, डा. केसी पेटवाल, पुस्तकालयाध्यक्ष हंसराज बिष्ट, एनसीसी अधिकारी डा. रविन्द्र सिंह, डा. एलआर डंगवाल, डा. अनूप सेमवाल, डा. रविन्द्र असवाल, डा. पीएस मीणा, डा. दीपक कुमार, प्रो. केएस रावत, डा. इन्द्रा रावत आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

# विद्युत आपूर्ति ठप होने पर ग्रामीणों ने सब स्टेशन का किया घेराव

टिहरी : बीते एक सप्ताह से गांव में विद्युत आपूर्ति न होने से गुस्साए ग्रामीणों ने विद्युत सब स्टेशन का घेराव कर विद्युत आपूर्ति ठप कर दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची एसडीओ के साथ ग्रामीणों की तीखी बहस हुई। जिसके बाद पुलिस ने बीच बचाव करते हुए किसी तरह मामले को शांत करवाया।

देवप्रयाग की पट्टी पालकोट के सौड़ गांव में बीते एक हफ्ते से बिजली गुल होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सब स्टेशन जिमणगांव का घेराव कर क्वीली व पालकोट पट्टी की विद्युत आपूर्ति ठप कर दी। सूचना पर एसडीओ देवप्रयाग प्रियंका नेगी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। जिसके बाद ग्रामीणों व एसडीओ में तीखी नोंक झोंक हो गयी।

पुलिस ने काफी कोशिश से मामला शांत करवाया। सौड़ गांव में बीती 7 जुलाई को स्कूल के लिए खतरा बने पेड़ की टहनी काटने पर वह बिजली लाइन के ऊपर गिर गयी। तार टूटने से यहां ट्रांसफार्मर ठप्प पड़ गया व गांव के 50 से अधिक परिवार अंधेरे में चले गए। एक हफ्ते से गर्मी, उमस सहित गुलदार की दहशत में रात गुजार रहे ग्रामीणों का धैर्य शनिवार को जबाब दे गया। ग्राम प्रधान जगदीश की अगुवाई में आक्रोशित ग्रामीणों ने अपनी ग्राम पंचायत में ही बने सब स्टेशन का घेराव कर दो पट्टियों की आपूर्ति ठप कर दी। ग्रामीणों के अनुसार, एसडीओ की ओर से बिजली आपूर्ति बहाल करवाने के बजाय उन्हें कानून हाथ में लेने की बात कहते हुए धमकाया गया।

जिस पर यहां ग्रामीणों में ऊर्जा निगम के खिलाफ खासा रोष फैल गया। एसएसआई अनिरुद्ध मैठाणी ने किसी तरह मामला शांत करवाया।

# सड़कों के बंद रहने का सिलसिला जारी, यमुनोत्री हाईवे दो घंटे रहा बाधित



उत्तरकाशी : जिले में बारिश के कारण सड़कों के बंद रहने का सिलसिला जारी है। यमुनोत्री हाईवे शनिवार को चामी व रानाचट्टी के पास मलबा आने से यातायात के लिए बाधित रहा। इसके चलते मार्ग पर करीब दो घंटे तक यात्री वाहन जाम में फंसे रहे। बारिश के बीच दोनों धाम की यात्रा निर्बाध रूप से जारी है।

यमुनोत्री हाईवे पर शनिवार सुबह छह बजे डामटा के नजदीक चामी के पास मलबा आ गया। सूचना मिलने पर एनएच की जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हाईवे को यातायात के लिए खोला गया। इस दौरान हाईवे पर यात्री वाहन जाम में फंसे रहे। उधर, रानाचट्टी में भी हाईवे सुबह सात बजे बाधित हो गया था। जिसे विभागीय मशीनरी ने एक घंटे के भीतर यातायात के लिए खोला। गंगोत्री हाईवे पर बंदरकोट और धरासू में पत्थर और मलबा गिरने का क्रम जारी है।

हालांकि मार्ग बंद नहीं रहे। इसके चलते गंगोत्री धाम यात्रा निर्बाध रूप से जारी रही। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि फिलहाल गंगोत्री और यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए खुले हैं। (एजेंसी)

## पति के साथ मारपीट करने पर प्रेमी और पत्नी गिरफ्तार

हरिद्वार। अवैध संबंधों के चलते पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति के साथ की मारपीट में बहादराबाद पुलिस ने पत्नी–प्रेमी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद कर ली है। मेडिकल जांच के बाद तीनों को कोर्ट से जेल भेज दिया है। पुलिस ने पीड़ित के पिता राजपाल पुत्र रूप राम निवासी नेतवाला सैदाबाद थाना लक्सर की शिकायत पर पत्नी और प्रेमी और एक अज्ञात के खिलाफ गाली–गलौज मारपीट जान से मारने की कोशिश करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। बीते गुरुवार की रात रुड़की–हरिद्वार रोड स्थित बोंगला गांव में मिंटू अपने किराए के कमरे पर पहुंचा। तो पीड़ित की पत्नी ने अपने प्रेमी और एक साथी के साथ मिलकर मारपीट कर दी थी। आरोप था कि पत्नी ने हाथ पकड़े और प्रेमी ने लोहे की रॉड से पति के दोनों पैर तोड़ दिए थे। थाना प्रभारी अनिल चौहान ने बताया कि रीना पत्नी मिंटू बोंगला, आशु पुत्र कंवर पाल निवासी डकरावर कला, मोहित पुत्र मुनेश निवास खतका हेडो रामपुर मनिहारान को बहादराबाद से गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के बाद कोर्ट से जेल भेज दिया है।

# एसएसपी ने पुलिस को जन सहयोग देने की अपील

उत्तरकाशी : थाना दिवस पर शनिवार को पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने जन संवाद के माध्यम से समाज में बढ़ते अपराधों, नशाखोरी एवं चोरी आदि घटनाओं को रोकने में पुलिस को जन सहयोग देने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक ने पुरोला थाना स्तर पर बाहरी लोगों, रेहड़ी-फेरी वालों पर अंकुश लगाने के तहत 2 माह में किये गये सत्यापन की समीक्षा की। पुलिस को सख्ताई से सत्यापन व कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जन संवाद कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता राजपाल पंवार, बलदेव रावत ने 2 माह पूर्व समुदाय विशेष को लेकर घटित घटना के दोषियों पर सख्त कार्रवाई कर, नाम उजागर करने की मांग की। साथ ही चरस, स्मेक, अफीम आदि नशाखोरों, अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने नशे के खिलाफ पुलिस कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक चार हजार से अधिक बाहरी व्यवसायियों का सत्यापन किया गया है। इसी के साथ ही मई से जून तक चरस के 30 मामले दर्ज किए गए हैं। 26 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं 17 किलो चरस बरामद की गई व स्मेक के मामलें में 16 मामलें दर्ज कर लगभग 20 से अधिक अभियुक्तों को जेल भेजा गया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष बृजमोहन चौहान, दीपक नौडियाल आदि व्यापारियों ने सांय के समय सड़क, बाजार, होटल क्षेत्र में शराबियों, नशेड़ियों के हुड़दंग रोकने को सख्त कार्रवाई करनें की मांग की। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष बृजमोहन चौहान, बलदेव रावत, राजपाल पंवार, बलदेव असवाल, नवीन गैरोला, अंकित पंवार, दीपक नौडियाल, जगदीश असवाल व मोहम्मद सलीम थे। (एजेंसी)

## लासी-सरतोली मोटर मार्ग पर दस दिन से यातायात ठप

चमोली : सरतोली को तहसील मुख्यालय से जोड़ने वाली चमोली–लासी–सरतोली सड़क पिछले दस दिन से बंद है। सरतोली, धारकोट, भतीनगयाला, मथरपाल गांवों को यातायात सुविधा देने वाली चमोली–लासी–सरतोली मोटर मार्ग सरतोली गांव के समीप चट्टान टूटने से बीते मंगलवार से बंद है। यहां के ग्रामीणों को बैंक, तहसील और अन्य कार्यालयों में कामकाज के लिए चट्टानी रास्ते पार कर जाना पड़ रहा है।

# डीएम ने 26 शिकायतकर्ताओं से फोन पर बात कर ली जानकारी

चमोली : सीएम हेल्पलाइन–1905 पर दर्ज शिकायतों का तत्काल समाधान के लिए जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शिकायतकर्ताओं से सीधे फोन पर बात कर जानकारी ली। अब तक जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने 36 शिकायतकर्ताओं से फोन पर सीधे बात की। जिसमें से 26 शिकायतकर्ताओं ने संतुष्टि व्यक्त करते हुए बताया कि उनकी शिकायतों का समाधान हो गया है।

जबकि अन्य 10 लंबित शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी ने संबधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने विभागों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्वता के साथ उसका निदान किया जाए।जिला प्रशासन की ओर से जिला सूचना अधिकारी रवेन्द्र सिंह नेगी ने यह जानकारी देते हुए बताया जिलाधिकारी ने शनिवार को भी सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज दो शिकायतकर्ताओं से फोन पर बात की और उनकी शिकायतों के निदान के बारे में जानकारी ली। नारायणबगड़ ब्लॉक के ग्राम झिंझोडी निवासी सतीश चन्द्र शाह ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत उन्हें अभी तक पेयजल कनेक्शन नहीं मिला है।

# जिलाधिकारी ने ली अतिवृष्टि से परिसम्पत्तियों को हुई क्षति के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक



हरिद्वार। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में शनिवार को कलक्ट्रेट स्थित आपदा प्रबन्धन सभागार में बाढ़/अतिवृष्टि से हुई परिसम्पत्तियों की क्षति के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने बैठक में सर्वप्रथम अतिवृष्टि की वजह से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों तथा पुलों को हुये नुकसान के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। इस पर अधिशासी अभियन्ता सुरेश तोमर ने हरिद्वार, लक्सर, रूड़की डिवीजनों में लोक निर्माण विभाग की जो सड़कें तथा पुल अतिवृष्टि से प्रभावित हुये हैं, उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कई जगह पुलों के एप्रोच रोड सहित जोरासी पुल, रोशनाबाद बिहारीगढ़ मार्ग पर आन्नेकी हेतमपुर ब्रज आदि को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने ये भी जानकारी दी कि सड़कों तथा पुलों की मरम्मत आदि कार्य के लिये अलग–अलग क्षेत्रों में 15 जेसीबी लगातार कार्य कर रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में जहां पर भी अतिवृष्टि से सड़कों तथा पुलों को जो नुकसान पहुंचा है, उन्हें युद्ध स्तर पर ठीक करना सुनिश्चित करें।

धीराज सिंह गर्ब्याल ने बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कई जगह तटबन्ध टूटने की वजह से हुये नुकसान तथा वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस पर सिंचाई विभाग की अधिशासी अभियन्ता ने किन–किन स्थानों से नदी का पानी रिहायसी क्षेत्रों में पहुंचा, के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा बताया कि सभी जगह तटबन्ध आदि की मरम्मत का कार्य चालू है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस कार्य में कहीं पर भी ढिलाई न बरती जाये।जिलाधिकारी को बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी मनीष दत्त ने बताया कि अतिवृष्टि से हुये जल भराव वाले क्षेत्रों पर हम लगातार नजर रखे हुये हैं तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिये विकासखण्डवार नोडल तथा सहायक नोडल अधिकारी नामित कर दिये गये हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जल भराव वाले क्षेत्रों में कहीं पर भी कोई बीमारी–स्किन डिजीज, फंगल आदि न पनपने पाये, जिसके लिये दवायें, ब्लीचिंग पाउडर आदि की व्यवस्था कर ली गयी है तथा जहां पर भी कीटनाशक आदि के छिड़काव की आवश्यकता होगी, तुरन्त छिड़काव किया जायेगा। जिलाधिकारी ने पंचायती राज अधिकारी को भी निर्देशित किया कि वे इस सम्बन्ध में आपसी समन्वय स्थापित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने ये भी निर्देश दिये कि जल भराव वाले क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखा जाये, जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्रों की भी मदद ली जाये।

बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कावंड़ मेला सम्पन्नता की ओर है। इसलिये दिन–रात एक करते हुये साफ–सफाई की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से पशुओं को चारा उपलब्ध कराना, अब तक कितने पशुओं की हानि हुई है आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली तो मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि रायसी में हमारा चारा बैंक है तथा अब तक कहां–कहां फीड ब्लाक बांटे गये हैं आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जहां–जहां पर पानी भरा हुआ है, वहां–वहां पर नाव के माध्यम से चारा पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा पशुओं के लिये कहीं पर भी चारे की कमी नहीं होनी चाहिये तथा सम्बन्धित गांव के पटवारी से भी सम्पर्क बनाये रखें। इसके अतिरिक्त जल भराव वाले क्षेत्रों में पशुओं में कोई बीमारी न फैले इसका भी विशेष ध्यान रखा जाये एवं स्वास्थ्य, पंचायतीराज विभाग आदि आपसी समन्वय बनाये रखें।

धीराज सिंह गर्ब्याल को जिला खाद्य पूर्ति अधिकारी ने राशन आदि पहुंचाने की जो व्यवस्था की जा रही है, के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा आरएम सिडकुल ने उनके द्वारा जल भराव वाले क्षेत्रों के लिये फूड पैकेट्स की जो व्यवस्था की जा रही है, के सम्बन्ध में जानकारी दी।

बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों ने गन्ना, धान आदि की फसल को इस जल भराव से जो नुकसान पहुंच रहा है,के सम्बन्ध में जानकारी दी।

एनएचआई के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि हमारी तीन सड़कों को इस जल भराव से नुकसान पहुंचा है, जिसके मरम्मत आदि का कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

बैठक में वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि श्यामपुर के आसपास के गांवों में एनएच की रिटेनिंग वॉल न होने की वजह से जल भराव हो जाता है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को उनकी ओर से इस सम्बन्ध में एनएच को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये।

बैठक में हिल बाईपास के सम्बन्ध में भी चर्चा हुई। इस पर राजाजी नेशनल पार्क के अधिकारियों ने बताया कि हिल बाईपास को इस अतिवृष्टि से जो नुकसान हुआ है, के सम्बन्ध में योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बिल्केश्वर नाले से भी हिल बाईपास को नुकसान पहुंचता है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे पुल, पुलिया, सड़क मार्ग, पेयजल, स्वास्थ्य, संचार, विद्युत सहित जितनी भी आवश्यक व्यवस्थायें हैं, उन्हें द्रुत गति से बहाल करना सुनिश्चित करें।

# आक्रोशित भीड़ ने किया ऊर्जा निगम के कर्मचारियों को अंदर बंद, धरना प्रदर्शन



हरिद्वार। पिछले 48 घंटे से बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होने से नाराज बेगमपुर के लोग ट्रैक्टर ट्रॉली भरकर दूसरे दिन बहादराबाद उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे। नाराज लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। आक्रोशित भीड़ ने कार्यालय का मुख्य दरवाजा बंद कर दिया। कार्यालय से किसी को बाहर नहीं निकलने दिया। कर्मचारियों को लोगों ने अंदर ही बंद कर दिया। इधर अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार ने कहा कि दैवीय आपदा से ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसमे बदलने का काम कराया जा रहा है।

मनीराम, सोनू, विवेक, नेकी राम, गौतम अस-टवाल, नवीन, जनेश्वर, ने कहा कि 11 जुलाई की रात से ट्रांसफार्मर फुक गया था। पिछले 48 घंटे से गांव और पास की कॉलोनी केदारपुरम समेत पांच हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। कहा कि गांव में लगे हैंडपंप खराब हो चुके हैं।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी

E Mail ID:- eepwdcdpauri@gmail.com, eepwdcdpauri@rediffmail.com, Fax & Phone No. (01368-222284)

पत्रांक 1272/20ए0सी0 | दिनांक 15/07/2023

### निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 26.07.2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक निम्न कार्यालयों में आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाकघर की पास बुक एवं शेड्यूल बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में मान्य होगी जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी के पद नाम से बन्धक होगी। निविदा के साथ रूपये 100.00 का नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर वैधता की शर्तों के साथ जिसके ऊपर रू0 1.00 के रसीदी टिकट सहित हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 18.07.2023 से 25.07.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त की जा सकती हैं।

1. अधीक्षण अभियन्ता 12वॉ वृत्त लो0नि0वि0 पौड़ी
2. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी
3. अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी
4. अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 कीर्तिनगर जिला टिहरी गढ़वाल।

निविदायें अधिशासी अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी के कार्यालय में दिनांक 26.07.2023 को अपराह्न 03:30 बजे टैण्ड खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी के विकासखण्ड पोखड़ा के अन्तर्गत चौबट्टाखाल-पोखड़ा मोटर मार्ग के मुख्य सड़क से चमनाऊ तक इण्टर लॉकिंग टाइल्स द्वारा सड़क निर्माण एवं सुधारीकरण तथा चौड़ीकरण का कार्य। | 27000.00 | 1000+ GST | 45 दिन | 4 माह | डी एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 2 | जिला योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी के विकासखण्ड पोखड़ा के अन्तर्गत चौबट्टाखाल-बस स्टेशन से ब्लॉक मुख्यालय सड़क पर इण्टर लॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य। | 42000.00 | 1500+ GST | 45 दिन | 4 माह | डी एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 3 | जिला योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी के विकासखण्ड पोखड़ा के अन्तर्गत जणदादेवी-ओड़गांव-बौन्दरखाल मोटर मार्ग के कि0मी0 7.00 (चैनेज 6.000 से 6.400) में सुधारीकरण एवं डामरीकरण का कार्य। | 60000.00 | 1500+ GST | 45 दिन | 4 माह | डी एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 4 | जिला योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी के विकासखण्ड पोखड़ा के अन्तर्गत बिजोरापानी-कुण्जखाल-कोलाखाल-जयकोट (मुख्य जिला मार्ग) मोटर मार्ग के कि0मी0 4.00 (हे0मी0 6-8), कि0मी0 7.00 (हे0मी0 0-2, 4-6) में सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत क्रैश बैरियर लगाने का कार्य। | 60000.00 | 1500+ GST | 45 दिन | 4 माह | डी एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |

1. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है, एवं निविदा क्रय करते समय पंजीकरण की फोटो प्रति अवश्य साथ लायें।

(इं0 धन सिंह कुटियाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी

# ये जो हकीकत है




डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ की रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में ग्रामीण भारत में 17 प्रतिशत लोग खुले में शौच कर रहे थे। भारत की कुल आबादी करीब 1.40 अरब है, जिसमें करीब 65 प्रतिशत लोग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं।

भारत सरकार ने 'स्वच्छ भारत' अभियान के तहत 2019 में देश को खुले में शौच की समस्या से मुक्त घोषित कर दिया था। हालांकि पहले भी अनेक अध्ययन रिपोर्टों में इस दावे को चुनौती दी गई, लेकिन अब विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ ने सरकारी दावे के उलट तस्वीर पेश की है। अपेक्षित है कि सरकार इससे आहत ना हो। हकीकत को स्वीकार करना सुधार की दिशा में पहला कदम होता है। अगर सरकार ने गलत सूचनाओं के आधार पर चार साल पहले दावा किया था, अब जरूरत उसमें सुधार की है। डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ ने पानी की सप्लाई और स्वच्छता पर अपने साझा निगरानी कार्यक्रम की ताजा रिपोर्ट जारी की है, जो 2022 तक इन मोर्चों पर अलग-अलग देशों में हुई तरक्की की जानकारी देती है। रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में ग्रामीण भारत में 17 प्रतिशत लोग अभी भी खुले में शौच कर रहे थे। भारत की कुल आबादी करीब 1.40 अरब है, जिसमें करीब 65 प्रतिशत लोग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। तो इस रिपोर्ट का अर्थ है लगभग 15 करोड़ लोग आज भी खुले में शौच करते हैं।

रिपोर्ट में यह भी दावा किया है कि ग्रामीण भारत में करीब 25 प्रतिशत परिवारों के पास अपना अलग शौचालय भी नहीं है। जबकि सरकार ने कहा था कि अब सभी परिवारों को शौचालय उपलब्ध करवा दिया गया है। बहरहाल, संयुक्त राष्ट्र से जुड़ी दोनों संस्थाओं ने यह माना है कि भारत ने खुले में शौच से लड़ाई में लगातार तरक्की हासिल की है, लेकिन उनका कहना है कि इसके लिए तय लक्ष्य को पूरा करना अभी बाकी है। गौरतलब है कि भारत सरकार के ओडीएफ लक्ष्यों, परिभाषा और दावों को लेकर शुरू से विवाद रहा है। चूंकि परिभाषाएं बदल जाती हैं, इसलिए अलग-अलग रिपोर्टों से अलग तस्वीर सामने आती है। 2019-20 में हुए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के मुताबिक उस समय देश में कम-से-कम 19 प्रतिशत परिवार खुले में शौच कर रहे थे। बिहार, झारखंड और ओडिशा में तो यह संख्या 62, 70 और 71 प्रतिशत तक थी। इस सच को अस्वीकार करने से कोई लाभ नहीं होगा। जरूरत रणनीति में सुधार की है।

# राजनीतिक हिंसा लोकतंत्र में शर्मनाक है

**चुनाव आयोग को 19 जिलों में करीब सात सौ बूथों पर फिर से मतदान कराना पड़ा। पहले से इस तरह की हिंसा की आशंका थी, जिसकी वजह से केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश अदालत ने दिया था। फिर भी हिंसा रोकी नहीं जा सकी। इसका कारण बताया जा रहा है कि स्थानीय प्रशासन ने केंद्रीय बलों की तैनाती ठीक से नहीं होने दी। यहां तक कि संवेदनशील बूथों की जानकारी भी नहीं दी गई। हो सकता है कि यह बात सही हो लेकिन सवाल है कि क्या केंद्रीय बलों की तैनाती नहीं होगी तो मतदान ऐसे ही होगा? अगर केंद्रीय बल चुनाव के दौरान नहीं तैनात किए जाएं तो हिंसा और ताकत के दम पर जन प्रतिनिधि चुने जाएंगे? जिसके पास सत्ता होगी, जिसकी पुलिस होगी और जिसके पास बाहुबल होगा वह खून बहा कर जीत हासिल कर लेगा? यह बहुत शर्मनाक है।**




**अजीत द्विवेदी**

भारत में लोकतंत्र की दुहाई देने का सिलसिला पिछले कुछ सालों से बढ़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी मंच से यह कहने का मौका नहीं चूकते हैं कि भारत लोकतंत्र की जननी है और लोकतंत्र इसके डीएनए में है। दूसरी ओर विपक्षी पार्टियों के नेता यह कहने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है, इसका गला घोंटा जा रहा है और इसे समाप्त करके एक पार्टी का शासन स्थापित करने की कोशिश हो रही है। ये दोनों अतिवादी धारणाएं हैं। वास्तविकता क्या है उस पर अलग से चर्चा हो सकती है। लेकिन यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि राजनीतिक हिंसा के लिए लोकतंत्र में कोई जगह नहीं होती है। अगर किसी लोकतंत्र में राजनीति या चुनावी प्रक्रिया हिंसा का शिकार होती है तो वह शर्मनाक है। यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के विरूद्ध है। हाल में पश्चिम बंगाल में हुए पंचायत चुनावों में जैसी हिंसा हुई है उसने भारतीय लोकतंत्र में मौजूद रह गई एक बुनियादी खामी की ओर ध्यान खींचा है।


कह सकते हैं कि यह सिर्फ यह या दो राज्य की घटना है और इस आधार पर पूरे देश की राजनीति या लोकतंत्र के बारे में कोई धारणा बनाने या निष्कर्ष निकालने की जरूरत नहीं है। यह सही है कि घटना पश्चिम बंगाल की है और पंचायत चुनाव की है। लेकिन क्या ऐसी घटनाएं दूसरे राज्यों में नहीं होती हैं? घटना का रूप दूसरा हो सकता है लेकिन अनेक राज्यों में राजनीतिक विरोधियों के प्रति हिंसा की घटनाएं होती हैं और चुनावों के दौरान खून-खराबा देखने को मिलता है। पश्चिम बंगाल इसका प्रतीक बना है। कुछ समय पहले ही उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकायों के चुनाव हुए थे और विपक्षी पार्टियों के कितने उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि उनको नामांकन नहीं करने दिया गया। उनको डराया गया, रास्ता रोका गया या किसी भी तरह से उनको चुनाव लड़ने से रोका गया। आमतौर पर इस तरह की घटनाएं सत्तारूढ़ पार्टियों के संरक्षण में होती हैं।

पश्चिम बंगाल में भी ऐसा ही हुआ है। आठ जून को पंचायत चुनाव की घोषणा हुई थी और उसके बाद एक महीने में यानी आठ जुलाई को मतदान के दिन तक 36 लोगों की मौत हुई। सैकड़ों लोग घायल हुए। बम फूटने और गोली चलने की अनेक घटनाएं हुईं। पूरा प्रदेश एक महीने तक हिंसा की चपेट में रहा। जिसकी जहां ताकत थी उसने वहां अपने विरोधी उम्मीदवार को नामांकन करने से रोका। जब नामांकन की प्रक्रिया समाप्त हुई तो मतदाताओं को बूथ पर जाने से रोकने का काम शुरू हुआ। मतदान के दिन कम से कम 20 जिलों में बूथ लूटने, बैलेट पेपर फाड़ने, बैलेट जलाने, बैलेट बॉक्स उठा कर ले जाने आदि की घटनाएं हुईं। चुनाव आयोग को 19 जिलों में करीब सात सौ बूथों पर फिर से मतदान कराना पड़ा। पहले से इस तरह की हिंसा की आशंका थी, जिसकी वजह से केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश अदालत ने दिया था। फिर भी हिंसा रोकी नहीं जा सकी। इसका कारण बताया जा रहा है कि स्थानीय प्रशासन ने केंद्रीय बलों की तैनाती ठीक से नहीं होने दी। यहां तक कि संवेदनशील बूथों की जानकारी भी नहीं दी गई।

हो सकता है कि यह बात सही हो लेकिन सवाल है कि क्या केंद्रीय बलों की तैनाती नहीं होगी तो मतदान ऐसे ही होगा? अगर केंद्रीय बल चुनाव के दौरान नहीं तैनात किए जाएं तो हिंसा और ताकत के दम पर जन प्रतिनिधि चुने जाएंगे? जिसके पास सत्ता होगी, जिसकी पुलिस होगी और जिसके पास बाहुबल होगा वह खून बहा कर जीत हासिल कर लेगा? यह बहुत शर्मनाक है। इससे यह साबित होता है कि टीएन शेषन के जमाने से लेकर अभी तक कुछ नहीं बदला है। उस समय भी देश के ज्यादातर हिस्सों में बूथ लूटने, बूथ कैप्चर करने, बोगस वोटिंग करने और विरोध करने वालों की हत्या करने की घटनाएं होती थीं और आज भी हो रही हैं। इसका यह भी मतलब है कि पार्टियां शरीफ नहीं हो गई हैं, बल्कि केंद्रीय बलों के आगे मजबूरी में शरीफ बनती हैं तभी विधानसभा और लोकसभा के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो पा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में और कुछ अन्य राज्यों में केंद्रीय बलों की गैरहाजिरी में हुए चुनावों में जिस तरह की हिंसा हुई है उससे साबित हुआ है कि इस देश की पार्टियां, उनके उम्मीदवार और उनके नेता अब भी मध्यकालीन मानसिकता के साथ राजनीति करते हैं और यह मानते हैं कि साम, दाम, दंड और भेद किसी भी तरीके का इस्तेमाल कर चुनाव जीतना जायज है।

बहरहाल, चुनावी हिंसा को तो केंद्रीय बलों की तैनाती, मतदान केंद्रों पर वीडियोग्राफी, बाहरी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और कुछ हद तक मतदाताओं की जागरूकता के दम पर काबू कर लिया जाता है लेकिन राजनीतिक हिंसा हमेशा चलने वाली चीज है। जब चुनाव नहीं हो रहे होते हैं तब भी देश के हर हिस्से से किसी न किसी किस्म की हिंसा की खबरें आती रहती हैं। बुनियादी रूप से इसके तीन कारण होते हैं। एक वैचारिक कारण है, जिसकी वजह से हिंसा बढ़ी है और दूसरा सनातन कारण वर्चस्व की लड़ाई है। इसके अलावा एक तीसरा कारण यह है कि भारत में लोकतांत्रिक शासन की जो प्रणाली विकसित हुई है वह सेवा की बजाय सत्ता और शक्ति केंद्रित हो गई है। चुनाव जीतने वाले को पूरी सत्ता मिलती है। वह लाखों-करोड़ों लोगों का भाग्य विधाता होता है। पैसा और पावर दोनों उसके पास होते हैं। पश्चिम के विकसित देशों में जन प्रतिनिधि लोगों की सेवा करने के लिए, चुने जाते हैं, जबकि भारत में लोगों पर शासन करने के लिए जन प्रतिनिधि चुने जाते हैं। चुनाव जीतने पर मिलने वाली असीमित सत्ता और पैसा समूची राजनीतिक और चुनावी प्रक्रिया को किसी न किसी रूप में भ्रष्ट और हिंसक बना रही है। सो, राजनीतिक भ्रष्टाचार और हिंसा रूके इसका तात्कालिक और अस्थायी उपाय तो केंद्रीय बलों की तैनाती का है लेकिन अगर भारतीय राजनीति से इसे स्थायी रूप से खत्म करना है तो राजनीतिक पदों के साथ जुड़ी तमाम शक्तियों, सुविधाओं और बेहिसाब संपत्ति इक्ठा करने की संभावना को खत्म करना होगा। जब तक मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था को नहीं बदला जाएगा तब तक उस व्यवस्था का हिस्सा बनने के लिए मार-काट होती रहेगी।

# क्या महिला और पुरुष में अलग-अलग होते हैं हार्ट अटैक के लक्षण, जानें किसे ज्यादा खतरा?



दुनियाभर में हार्ट की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है. यह एक जानलेवा बीमारी है. इससे पुरुष और महिलाएं दोनों प्रभावित हैं. हेल्थ एक्सपर्ट ने पाया है कि कोरोना के बाद दिल से जुड़ी बीमारियां और भी गंभीर हुई हैं. इसके अलावा फिजिकल एक्टिविटी न होना, खानपान में गड़बड़ी, स्ट्रेस का बढ़ना हार्ट की दिक्कतें बढ़ा सकती हैं. इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि महिलाओं और पुरुषों में इसके लक्षणों में भी अंतर देखा गया है. कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में हार्ट अटैक ज्यादा खतरनाक और जानलेवा हो सकता है. समय पर इलाज न हो पाना इस खतरे का सबसे बड़ा कारण माना जाता है. आइए जानते हैं महिलाओं और पुरुषों में हार्ट अटैक के मामले किस तरह अलग हो सकते हैं और इनका क्या इलाज है...

पुरुषों-महिलाओं में हार्ट अटैक के अलग-अलग लक्षण

कोलंबिया के जॉन्स हॉपकिन्स में मेडिकल डायरेक्टर डॉ. लिली बारोच का कहना है कि महिलाओं में हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा होता है. सीने में दर्द-जकड़न और सांस की परेशानी पुरुष और महिलाओं दोनों में देखने को मिलती है. इसके कुछ लक्षण भी अलग-अलग देखने को मिले हैं.

क्या महिलाओं में हार्ट अटैक जानलेवा

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के मुताबिक, हार्ट अटैक के एक साल के अंतर पुरुषों की तुलना में महिलाओं की जान का खतरा ज्यादा रहता है. हार्ट अटैक के कारण अस्पताल में भर्ती 65 साल या उससे ज्यादा उम्र के 50 हजार मरीजों पर अध्ययन करने के बाद इन चीजों को समझा गया है. इस रिपोर्ट के अनुसार, पहले हार्ट अटैक के 5 साल के अंदर मौत, हार्ट फेलियर या स्ट्रो का रिस्क 47% पाया गया है, जबकि पुरुषों में यह करीब 36% तक हो सकता है.

महिलाओं-पुरुषों में हार्ट अटैक के लक्षण

रिसर्चर का मानना है कि महिला और पुरुष में हार्ट अटैक के लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं. हार्ट अटैक का सबसे सामान्य लक्षण सीने में दर्द है. पुरुषों में यह लक्षण ज्यादा देखने को मिलता है. हार्ट अटैक वाली 50 प्रतिशत महिलाओं में ही यह परेशानी देखी गई है.

पुरुषों में हार्ट अटैक के लक्षण

*सीने में दर्द या बेचैनी
*सांस लेने में दिक्कत
*बाएं हाथ-जबड़े में दर्द
*जी मिचलाना

महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण

*महिलाओं ने पीठ
*गर्दन या जबड़े में दर्द
*सीने में जलन-बैचेनी
*चक्कर आने, जी मिचलाने की समस्या

**सन् 2008 में बुखारेस्ट में हुए नाटो शिखर सम्मेलन में जब सबसे पहले यूक्रेन को सदस्यता दिए जाने का वायदा किया गया था, तब वह वक्तव्य गहरे और लंबे समय से चले आ रहे मतभेदों को छिपाने का तरीका था। तब जर्मनी और फ्रांस यूक्रेन की सदस्यता के सख्त खिलाफ थे जबकि वाशिंगटन कीव की सदस्यता की राह प्रशस्त करना चाहता था। आज सभी देश यूक्रेन के नाटो में शामिल होने के पक्ष में हैं और "मेम्बरशिप एक्शन प्लान" की कठिन प्रक्रिया नहीं अपनाना चाहते हालांकि यह भी कब और कैसे होगा यह साफ़ नहीं है। इस सबसे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन काफी प्रसन्न और संतुष्ट होंगे। सच तो यह कि रूस को यह पता था कि जब तक युद्ध चलेगा तब तक नाटो यूक्रेन को सदस्यता नहीं देगा। यह भी एक कारण है कि रूस युद्ध जारी रखेगा। भविष्य में किसी देश की सदस्यता के लिए कौनसी शर्तें रखी जाती हैं रूस के लिए यह उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना कि यह कि यूक्रेन की रक्षा के लिए क्या ठोस एवं दीर्घकालिक योजना बनाई जा सकती है। इस दिशा में सम्मेलन में सचमुच प्रगति हुई।**

# अकेले मुंह फुलाये ज़ेलेंस्की

**श्रुति व्यास**

एक तस्वीर और एक हज़ार शब्दों के बराबर! हां, एक कोने में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की मुंह फुलाये अकेले खड़े और उनके चारों तरफ बाकी राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री एक दूसरे के साथ हंस बोल रहे हैं! क्या ऐसी तस्वीर उन मतभेदों और दरारों को नहीं दिखलाती जो विल्नुस में नाटो शिखर सम्मेलन के बाद उभरी है।

दो दिन का नाटो शिखर सम्मेलन खत्म हो गया है। पर विदाई के वक्त में सब खुश नहीं थे। राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने वापस जाते समय अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह "अभूतपूर्व और बेतुका" है कि यूक्रेन को जल्द से जल्द नाटो गठबंधन की सदस्यता देने के बारे में कोई साफ़ वादा नहीं किया गया। जेलेंस्की के इस रवैये से ब्रिटेन और अमेरिका स्तब्ध रह गए।

ज़ेलेंस्की ने शुरू में ही और साफ़-साफ़ लब्जों में बता दिया था कि नाटो से उनकी क्या अपेक्षा है? वे सम्मेलन में भारी उम्मीदों के साथ पहुंचे थे। वे हमेशा से यह जानते थे झ और उन्होंने कभी भी यह दबाव नहीं बनाया था झ कि युद्ध समाप्त होने के पहले ही यूक्रेन को नाटो की सदस्यता दी जाए। लेकिन उन्हें नाराजगी इस बात को लेकर है कि नाटो, यूक्रेन को सदस्यता के लिए आवेदन करने हेतु आमंत्रित करने के लिए भी शर्तें लगा रहा है। सम्मेलन के बाद जारी अंतिम विज्ञप्ति के बाद भी नाटो में यूक्रेन के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। गोलमोल कूटनीतिक शब्दावली का इस्तेमाल करते हुए यूक्रेन को न्योता दिए जाने का वायदा किया गया है लेकिन तभी जब "गठबंधन के सदस्य इसके लिए राजी हों और कुछ शर्तों को पूरा किया जाए"।

इसमें न तो यह साफ किया गया कि यह कब होगा और ना ही शर्तें बताई गई हैं। यूक्रेन की नाटो के सदस्यता की प्रक्रिया को कैसे वर्णित किया जाए इसे लेकर गठबंधन के सदस्यों के बीच के विवाद, मतभेद और दरार की झलक




इस अस्पष्ट और भ्रामक भाषा से मिलती है। इससे ज़ेलेंस्की आगबबूला हो गए, जो ठीक ही था, और उन्होंने विज्ञप्ति के मसविदे की भाषा देखने के बाद ट्विटर पर एक संदेश पोस्ट किया और धमकी दी कि वे नाटो-यूक्रेन परिषद के पहले सत्र में भाग नहीं लेंगे।

जेलेंस्की के इस व्यवहार से यूके और अमरीका नाराज हो गए। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि यूक्रेन को पश्चिम से मिली मदद को लेकर और अधिक कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए और अहंकार नहीं दिखाना चाहिए। इस बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रें ने कहा कि "उनकी हमसे अपेक्षाएं जायज हैं क्योंकि वे मैदानी लड़ाई लड़ रहे हैं!" उन्होंने आगे कहा "हमने वह किया जो हमें करना चाहिए था और हमने यह गठबंधन की एकता को कायम रखते हुए किया"।

सन् 2008 में बुखारेस्ट में हुए नाटो शिखर सम्मेलन में जब सबसे पहले यूक्रेन को सदस्यता दिए जाने का वायदा किया गया था, तब वह वक्तव्य गहरे और लंबे समय से चले आ रहे मतभेदों को छिपाने का तरीका था। तब जर्मनी और फ्रांस यूक्रेन की सदस्यता के सख्त खिलाफ थे जबकि वाशिंगटन कीव की सदस्यता की राह प्रशस्त करना चाहता था। आज सभी देश यूक्रेन के नाटो में शामिल होने के पक्ष में हैं और "मेम्बरशिप एक्शन प्लान" की कठिन प्रक्रिया नहीं अपनाना चाहते हालांकि यह भी कब और कैसे होगा यह साफ़ नहीं है।

इस सबसे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन काफी प्रसन्न और संतुष्ट होंगे। सच तो यह कि रूस को यह पता था कि जब तक युद्ध चलेगा तब तक नाटो यूक्रेन को सदस्यता नहीं देगा। यह भी एक कारण है कि रूस युद्ध जारी रखेगा। भविष्य में किसी देश की सदस्यता के लिए कौनसी शर्तें रखी जाती हैं रूस के लिए यह उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना कि यह कि यूक्रेन की रक्षा के लिए क्या ठोस एवं दीर्घकालिक योजना बनाई जा सकती है। इस दिशा में सम्मेलन में सचमुच प्रगति हुई। चार साल पहले इमैनुएल मैक्रें ने कहा था कि गठबंधन ''ब्रेन डेड'' हो चुका है। लेकिन हाल में उन्होंने मंजूर किया कि रूस के यूक्रेन पर हमले ने उसे नयी ज़िन्दगी दी है लेकिन सम्मेलन में मतभेद और नाराजगी के अलावा भी बहुत कुछ हुआ। यूक्रेन को लेकर जहां तीखे मतभेद थे वहीं रूस के हमले ने एक बार फिर इस सैनिक जमावड़े के औचित्य का अहसास कराया है। गठबंधन का विस्तार हो रहा है झ तुर्की और हंगरी द्वारा उनकी आपत्तियां वापस लिए जाने के बाद फिनलैंड की तरह स्वीडन के सदस्य बनने की राह प्रशस्त हो गयी है। ज्यादा विस्तृत सैन्य योजनाएं तैयार करने के लिए सदस्य सहमत हुए हैं और यूक्रेन के प्रति अधिक वफ़ादारी दिखाई गई हालांकि वह उसकी अपेक्षाओं की तुलना में बहुत कम है।

इसमें शक नहीं कि मजबूरी न कि मर्ज़ी से नाटो को अधिक सशक्त किया जा रहा है, खास-कर यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण। यूक्रेन की सदस्यता एक विवादास्पद मुद्दा बना रहेगा। लेकिन अगले वर्ष तक नाटो की मुसीबतें रूस और चीन के अलावा भी होंगीं। सदस्य देशों के अन्दर के हालात में बदलाव की सम्भावना को देखते हुए एक प्लान बी भी तैयार किया जा रहा है, खासतौर पर अमेरिका को लेकर, यदि वहां ट्रंप दुबारा चुनाव जीत जाते हैं तो दुनिया गोल है। समस्याएं जटिल हैं। सबको खुश करना संभव नहीं है। और सबको यह मिल जाए, जो वे चाहते हैं, यह हो नहीं सकता। विल्नुस में हुआ नाटो शिखर सम्मेलन भले ही पूरी तरह सफल न रहा हो परन्तु दरारों पर प्लास्टर करने की गुंजाइश तो बनी ही है!

# हर जगह मौसम की मार

संदेश यह है कि जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर मानव समाज को एक नजरिए से सोचना चाहिए। लेकिन यह संदेश सुनने के लिए ज्यादातर देश और समाज तैयार नहीं हैं। नतीजा है कि सभी अलग-अलग चरम रूप लेते मौसम की मार झेल रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन का असर एक बार फिर यही जाहिर कर रहा है कि कुदरत किन्हीं सरहदों का ख्याल नहीं करती। भारत, चीन और पाकिस्तान जैसे तो अलग-अलग देश हैं और भारत का बाकी दोनों देशों से रिश्ता भी अच्छा नहीं है, लेकिन अगर प्राकृतिक आपदा की बात करें, तो तीनों देश इस समय समान रूप से असामान्य मौसम की मार झेल रहे हैं। भारत और पाकिस्तान असाधारण अति-वृष्टि से प्रभावित हुए हैं, जबकि चीन के कई इलाकों में असामान्य रूप से अत्यधिक गर्मी पड़ रही है। वैसे अगर हम पूरे भूमंडल पर ध्यान ले जाएं, तो ऐसी मौसमी घटनाओं का प्रभाव लगभग हर जगह और अब तो लगभग हर वक्त नजर आएगा। इस परिघटना का संदेश है कि कम से कम जलवायु परिवर्तन की चुनौती के मद्देनजर पूरे मानव समाज को एक नजरिए से सोचना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि यह संदेश सुनने के लिए ज्यादातर देश और समाज तैयार नहीं हैं। नतीजा है कि सभी अलग-अलग चरम रूप लेते मौसम की मार झेल रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में उत्तर भारत कई उन इलाकों में एकबारगी से उतनी अधिक बारिश हुई है, जहां पहले हाल वर्षों में लोग मानसूनी वर्षा के लिए भी तरसते रहते थे।



इससे हिमाचल प्रदेश से लेकर दिल्ली और उत्तर प्रदेश तक में जल-भराव और विध्वंस का नजारा देखने को मिला है, जबकि अनेक लोगों की जान भी चली गई है। उधर पाकिस्तान के कई हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से हो रही जोरदार बारिश ने लोगों के मन में पिछले साल की डरावनी यादें ताजा कर दी हैं। पाकिस्तान के नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट ऑथरिटी के मुताबिक जून के आखिरी हफ्ते से लेकर अब तक मानसून के कहर से 80 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। कई इलाकों में लोग जल जमाव के कारण घिरे हुए हैं। विशेषज्ञों ने दो टूक कहा है कि पाकिस्तान में पिछले साल हुई तबाही का कारण जलवायु परिवर्तन था। इस बार भी मौसम का वैसा ही रूप देखकर स्वाभाविक है कि लोग डरे हुए हैं। लेकिन असल सवाल है कि क्या बार-बार पड़ रही ऐसी मार से अब कोई सबक लिया जाएगा?

## नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के तीन दोषियों को उम्रकैद

**मुरैना (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले की एक अदालत ने एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कृत्य करने के आरोप में तीन को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद व दस-दस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक प्रतिभा उमरैया ने यहां बताया कि पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि 26 अगस्त 2019 को उनके परिवार में तेरहवीं का कार्यक्रम था। इस दौरान उनकी 13 साल की बच्ची लापता हो गई। किशोरी ने बाद में बरामद होने पर बताया कि उसे एक आरोपी ने फोन कर महामाया मंदिर बुलाया। यहां से उसे आरोपी का एक दोस्त ई-रिक्शा में बिठाकर एक रेस्टोरेंट में ले गए। यहीं आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपियों ने उसका अश्लील वीडियो भी बनाया। इसी दौरान होटल के मालिक ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रकरण पेश किया, जहां से उन्हें सजा सुनाई गई।

## 36 घंटे में पांच अमरनाथ तीर्थयात्रियों की मौत, मरने वालों की संख्या हुई 24

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पिछले 36 घंटों में पांच अमरनाथ यात्रियों की मौत हो गई, इससे इस साल की वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान मरने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 24 हो गई है। अधिकारियों ने कहा कि इनमें से अधिकतर मौतें अधिक ऊंचाई पर होने वाली बीमारी के कारण हुईं, जिसके चलते ऑक्सीजन की कमी हुई और उसके बाद हृदय गति रुक गई।

अधिकारियों ने कहा, पांच मौतों में से चार पहलगाम मार्ग पर हुईं जबकि एक बालटाल मार्ग पर हुई। पीड़ितों में एक आईटीबीपी अधिकारी भी शामिल है, जिसकी ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। पीड़ित उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और गुजरात से थे। विशेषज्ञों ने कहा है कि ऊंचाई पर स्थित स्थानों में ऑक्सीजन की कम सांद्रता के साथ दुर्लभ हवा होती है। इसके साथ ही थकावट और अस्वस्थ फेफड़े अक्सर मृत्यु का कारण बनते हैं। अमरनाथ गुफा मंदिर समुद्र तल से 3,888 मीटर ऊपर स्थित है। इन कारणों से, अधिकारियों ने यात्रियों के लिए स्थापित मुफ्त रसोई (लंगर) में सभी जंक फूड पर प्रतिबंध लगा दिया है। परांठे, पूड़ी, मिठाई और कोल्ड ड्रिंक समेत सभी हलवाई आइटम पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यात्रा के आधार और पारगमन शिविरों के अंदर और आसपास सिगरेट की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।


## अपनी ही 6 वर्षीय बच्ची का गला दबाकर महिला ने उतारा मौत के घाट

**तुमकुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के तुमकुरु जिले के शांतिनगर में एक चौंकाने वाली घटना में एक महिला ने अपनी छह साल की बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। हेमलता नाम की आरोपी ने अपनी बेटी तन्विता की गला दबाकर हत्या कर दी। बच्ची की चीख सुनकर पड़ोसी घर पहुंचे और हेमलता से बच्ची को छीन लिया। हालांकि, तब तक तन्विता की मौत हो चुकी थी। पुलिस को सूचित किया गया और हेमलता को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि हेमलता के परिवार वाले दावा कर रहे हैं कि वह मानसिक बीमारी से पीड़ित है।

## सियोल सब वे स्टेशन पर लगी आग

**सियोल , एजेंसी।** सियोल में शनिवार को एक सबवे स्टेशन के अंदर आग लग गई। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि आग सुबह 7.53 बजे सबवे लाइन 3 पर डेची स्टेशन पर लगी और 24 मिनट बाद बुझ गई।

# अपनी मुद्राओं में व्यापार समझौते और यूपीआई-आईपीपी लिंकिंग पर सहमति



**नई दिल्ली , एजेंसी।** पीएम मोदी आज एक दिवसीय यात्रा पर संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे हैं। यहां उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने के लिए व्यापक बातचीत की। इस दौरान दोनों देश अपनी मुद्राओं में व्यापार समझौता शुरू करने पर सहमत हुए हैं। बता दें कि फ्रांस की दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद पीएम मोदी शनिवार सुबह को अबू धाबी पहुंचे थे।

यूएई के राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद मोदी ने कहा, पिछले साल व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर के बाद से भारत-यूएई व्यापार में 20 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। पहली बार, हमने व्यापार में 85 अरब अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य हासिल किया है। जल्द ही हम 100 अरब अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

पीएम मोदी ने कहा, अगर हम ठान लें तो जी20 से पहले इस मील के पत्थर को पार कर सकते हैं। दोनों देशों की मुद्राओं में व्यापार निपटान के लिए शनिवार को हुआ समझौता दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग और आपसी विश्वास को दर्शाता है। इस समझौते से द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

यूएई की यात्रा के दौरान मोदी ने शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से कहा, आपसे हमेशा भाई का प्यार मिला। जिस प्रकार हमारे देशों के बीच संबंधों का विस्तार हुआ है, उसमें आपका बहुत बड़ा योगदान है। भारत का प्रत्येक व्यक्ति आपको एक सच्चे मित्र के रूप में देखता है। मोदी ने यह भी कहा कि यूएई में आयोजित होने वाले सीओपी-28 की तैयारी यूएई के राष्ट्रपति के नेतृत्व में चल रही है। उन्होंने इस साल के अंत में सम्मेलन में भाग लेने का मन बना लिया है।

### आरबीआई-यूएई के सेंट्रल बैंक में हुए अहम करार

भारतीय रिजर्व बैंक और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सेंट्रल बैंक ने शनिवार को सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग और उनके भुगतान और मैसेजिंग सिस्टम को आपस में जोड़ने में सहयोग के लिए दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। अबू धाबी में पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की उपस्थिति में दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया।

इन समझौतों का उद्देश्य निर्बाध सीमा पार लेनदेन और भुगतान की सुविधा प्रदान करना और भारत और यूएई के बीच अधिक आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। मोदी ने कहा, यह भारत-यूएई सहयोग का एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है। यह आर्थिक सहयोग बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करता है और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बातचीत को सरल बनाएगा। एमओयू पर भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास और सेंट्रल बैंक ऑफ यूएई के गवर्नर खालिद मोहम्मद बलामा ने हस्ताक्षर किए।

पेमेंट्स एंड मैसेजिंग सिस्टम्स पर एमओयू के तहत, दोनों केंद्रीय बैंक अपने फास्ट पेमेंट सिस्टम्स (एफपीएस) - भारत के यूपीआई को यूएई के इंस्टेंट पेमेंट प्लेटफॉर्म (आईपीपी) के साथ जोड़ने पर सहयोग के लिए सहमत हुए। इसमें संबंधित कार्ड स्विच (रूपे स्विच और यूएईस्विच) को लिंक किया जाएगा और यूएई में मैसेजिंग सिस्टम के साथ भारत के भुगतान मैसेजिंग सिस्टम यानी स्ट्रक्चर्ड फाइनेंशियल मैसेजिंग सिस्टम (एसएफएमएस) को जोड़ा जाएगा।

## व्यापारी बोले- जलभराव का स्थाई समाधान कराएं

हरिद्वार। चंद्राचार्य चौक पर बीते दिनों जलभराव के बाद सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने शनिवार को जायजा लिया। उन्होंने व्यापारियों से हुए नुकसान के बारे में जाना। इधर व्यापारियों ने सांसद निशंक से बात करते हुए स्थाई समाधान दिलाने की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि साहब हमें इस जलभराव से स्थाई समाधान दिला दो, उधर सांसद ने अगले चार दिनों में बैठक कर हल निकालने का आश्वासन दिया।बीते मंगलवार को बारिश के बाद चंद्राचार्य चौक, भगत सिंह चौक पर जलभराव हुआ था। जिसमें क्षेत्र के व्यापारियों का लाखों रुपये का नुकसान हुआ था। शनिवार शाम को निशंक ने क्षेत्र में पहुंचकर व्यापारियों से बातचीत की।

इस दौरान व्यापारियों ने मांग करते हुए कहा कि कई क्षेत्र के जलभराव के समाधान को लेकर योजनाएं बनीं लेकिन अभी तक हल नहीं हो सका है। व्यापारियों ने कहा कि जब भी इसको लेकर योजना बनाई जाए तो इसमें स्थानीय व्यापारी को शामिल किया जाए, जिस पर सांसद ने आश्वासन दिया है कि दो व्यापारियों को इसमें शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसको लेकर बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय व्यापारियों के सुझाव भी लिए जाएंगे।\

# कूनो नेशनल पार्क में एक और चीते की मौत, 4 महीने में 8वें चीते की गई जान

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क से एक बार फिर वन्य प्राणी प्रेमियों के लिए बुरी खबर आ रही है। यहां सूरज नाम के नर चीते ने दम तोड़ दिया है। इस सप्ताह यह दूसरे चीते की मौत है। सूरज की मौत की वजह का खुलासा नहीं हो पाया है।

वन विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सूरज नाम के चीते की शुक्रवार को मौत हुई है। वह मृत अवस्था में पाया गया है। सूरज के शरीर पर कुछ चोट के निशान भी पाए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि बीते दिनों तेजस और सूरज के बीच हिंसक झड़प हुई थी। जिसमें दोनों घायल हुए थे। तेजस के शरीर पर भी घाव मिले थे। मगर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तेजस की मौत की वजह आंतरिक अंगों की कमजोरी बताई गई। सूरज के शरीर पर भी कुछ घाव हैं।

ज्ञात हो कि दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों के दल को 17 सितंबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन पर कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा था।



अब तक यहां कुल आठ चीतों की मौत हो चुकी है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने चीते की मौत पर ट्वीट कर कहा- कूनो नेशनल पार्क में आज आठवें चीते की मृत्यु का समाचार प्राप्त हुआ। लगातार चीतों की मौत होने के बावजूद अब तक ऐसी कोई योजना सामने नहीं आई है, जिसमें इन वन्य प्राणियों के जीवन को संरक्षित करने की कोई पहल की गई हो। राजनीतिक प्रदर्शन-प्रियता के लिए वन्य प्राणियों को शोभा की वस्तु बनाना, लोकतंत्र के चुने हुए प्रतिनिधियों को शोभा नहीं देता।

उन्होंने आगे कहा- मैं जिम्मेदार लोगों से आग्रह करता हूं कि वह पर्यावरणविद् और वैज्ञानिकों से चर्चा कर शीघ्र ही ऐसी कोई प्लान बनाएं, जिनसे इन प्राणियों के जीवन की रक्षा हो सके।

### भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत

# बेड़े में शामिल होंगे 26 नेवी राफेल और 3 स्कॉर्पीन पनडुब्बी, अहम डील को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत अपनी नौसेना को मजबूत करने के लिए नई पीढ़ी के नेवी लड़ाकू विमान राफेल फ्रांस से खरीदेगा। फ्रांस ने इस डील को मंजूरी दे दी है। राफेल बनाने वाली कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने बताया कि डील के तहत भारत को 26 नेवी राफेल मिलेंगा। भारत फ्रांस से नेवी के लिए 3 स्कॉर्पीन पनडुब्बी भी खरीद रहा है।रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से राफेल जेट के 26 नेवी वर्जन खरीदने और तीन फ्रांसीसी-डिज़ाइन वाली स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों की खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। फ्रांस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, रक्षा सहयोग हमारे घनिष्ठ संबंधों का एक मजबूत स्तंभ रहा है। यह दोनों देशों के बीच गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। फ्रांस 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत पहल में एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

उन्होंने कहा, आज हम नई प्रौद्योगिकियों से संबंधित सह-उत्पादन के बारे में चर्चा करेंगे। मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष तीसरी दुनिया के मित्रवत देशों के लिए भी सैन्य उपकरण तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस असैन्य परमाणु क्षेत्र में संबंधों को आगे बढ़ाएंगे और छोटे एवं उन्नत मॉड्यूलर संयंत्रों के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ हैं।

# पूर्वोत्तर के नेताओं संग खरगे ने बनाई आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अभी से अपनी तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पूर्वोत्तर के छह राज्यों के कांग्रेस नेताओं संग बैठक की। इसमें अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, त्रिपुरा, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और सिक्किम की 11 लोकसभा सीटों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर पूर्वोत्तर को लेकर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि केंद्र की 'एक्ट ईस्ट' नीति पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 'एक्ट लीस्ट' नीति बन गई है।

इस बैठक में मणिपुर के हालात को लेकर मंथन किया गया। इस दौरान मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा और सिक्किम के नेताओं ने मणिपुर में 'बिगड़ती'



स्थिति पर चिंता व्यक्त की। वहीं, बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव-संगठन केसी वेणुगोपाल ने मणिपुर हिंसा पर कांग्रेस का स्टैंड भी साफ किया। उन्होंने मणिपुर को लेकर पीएम की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मणिपुर के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ी है। साथ ही मणिपुर के लोगों के प्रति अपने समर्थन और सहानुभूति को रेखांकित किया है। पूरी कांग्रेस पार्टी उनके साथ एकजुटता से खड़ी है। पीएम मोदी से पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि मणिपुर पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं? हमें स्पष्टीकरण की आवश्यकता है!

बता दें कि मई की शुरुआत से ही मणिपुर में विशेषकर कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हिंसक झड़पें देखी जा रही हैं। इसके बाद हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हिंसा प्रभावित राज्य मणिपुर का दौरा भी किया था

इस दौरान कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने विपक्षी एकता की चल रही कवायद पर भी बयान दिया। उन्होंने बेंगलुरू में होने वाली विपक्ष की बैठक को पटना बैठक की सार्थक निरंतरता बताया।

### मोदी सरकार पर बोला हमला

इस दौरान खरगे ने आरोप लगाया कि भारत, आज भाजपा की विभाजन और कलह की शातिर राजनीति का हमला देख रहा है। समुदायों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया जा रहा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला हो रहा है। मौलिक अधिकारों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि कांग्रेस सरकारों द्वारा स्थापित शांति और प्रगति की ठोस नींव को व्यवस्थित रूप से नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूर्वोत्तर में कांग्रेस पार्टी द्वारा लागू की गई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को भाजपा फर्जी श्रेय लेने के लिए हथिया रही है।

इस दौरान खरगे ने इस बात पर जोर दिया कि अब कांग्रेस के प्रत्येक नेता और कार्यकर्ता के लिए सभी को एकजुट करने का समय आ गया है। विविधता में एकता न केवल हमारी पहचान है बल्कि हमारे अस्तित्व का आधार है। आगामी चुनाव के लिए रणनीति के तहत खरगे ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से कहा कि अब समय आ गया है कि हम मैदान में उतरें और बूथ स्तर से शुरुआत करें। लोगों तक पहुंचें और पूर्वोत्तर में अपने साथी नागरिकों की आवाज को मजबूती से उठाएं। कोई भी विपक्ष सच्चाई की ताकत का सामना नहीं कर सकता।

इस बैठक में कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल, सिक्किम, त्रिपुरा और नागालैंड के कांग्रेस प्रभारी अजॉय कुमार, मणिपुर के कांग्रेस प्रभारी भक्त चरण दास, मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह और इन राज्यों की राज्य इकाई के प्रमुख उपस्थित थे। वहीं, नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी बुखार से पीड़ित होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके।\

### लाठीचार्ज केस में उच्चस्तरीय जांच टीम का दावा

# सबसे ज्यादा पटना के कार्यकर्ताओं पर बरसीं लाठियां

**पटना , एजेंसी।** 13 जुलाई को पटना में भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा पैदल मार्च के दौरान बेरहमी से लाठीचार्ज किए जाने की तस्वीरें और वीडियो के बाद अब भाजपा की उच्चस्तरीय जांच टीम ने घायल होने वालों के आंकड़े जारी किए हैं।



चोटिल और ज्यादा चोटिल के रूप में इन्हें वर्गीकृत किया गया है। कुल 771 भाजपाई घायल हुए हैं, जिनमें ज्यादा चोटिल हुए लोगों की संख्या 369 है। आर्थिक संपन्नता से लेकर कोविड से मौत तक में आगे रहे पटना वाले बिहार पुलिस से लाठी खाने में भी आगे रहे हैं। पटना को टक्कर खगड़िया जिला के भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी है। वैसे, बिहार पुलिस ने ज्यादा चोट सारण वालों को लगाई है।

दिल्ली से जांच के लिए आई चार सदस्यीय टीम ने एक रिपोर्ट तैयारी की है। टीम के सदस्य और भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि 13 जुलाई को प्री प्लांड तरीके के सबकुछ को अंजाम दिया।

महागठबंधन सरकार ने पहले से ही तय कर लिया था कि कुछ भी हो जाए भाजपा नेताओं के आंदोलन को बर्बर तरीके के कुचला जाए। हमारे 771 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 45 लोगों से गहनता से पूछताछ कर मामले की जानकारी ली गई। इसमें जो तथ्य सामने आए, उसने महागठबंधन सरकार की पोल खोल दी। बिहार सरकार ने साजिश के तहत भाजपा के आंदोलन को कुचलने की कोशिश की है। इस मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिए।

## आकाशीय बिजली का कहर, चपेट में आने से 18 लोगों की मौत- सीएम ने की मुआवजे की घोषणा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में चालू मानसून सीजन के बीच 24 घंटों में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। 18 मौतों में से पांच रोहतास में, अरवल में चार, सारण में तीन, औरंगाबाद और पूर्वी चंपारण में दो-दो और बांका और वैशाली जिले में एक-एक शामिल हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के परिवार के प्रत्येक सदस्य को 4 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है। आपदा प्रबंधन एजेंसी लोगों से, विशेषकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों से अपील कर रही है कि वे बारिश होने पर कृषि क्षेत्र में जाने से बचें या पेड़ों, बिजली के खंभों या मिट्टी से बने घरों के नीचे खड़े न हों। उन्होंने शहरी इलाकों में रहने वाले लोगों को भी चेतावनी दी है कि वे बारिश के दौरान खिड़कियों से दूर रहें।

# अमेरिका में 113 मिलियन से अधिक लोगों के लू की चपेट में आने की आशंका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में 113 मिलियन से अधिक लोग वर्तमान में लू की सलाह के अधीन हैं। देश में पूरे दक्षिण-पश्चिम से लेकर वाशिंगटन राज्य तक चेतावनी जारी की गई है।

राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यूएस) ने कहा कि आने वाले दिनों में लगभग 27 मिलियन लोगों को 43 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान का अनुभव होने का अनुमान है।

फ्लोरिडा से लेकर टेक्सास, कैलिफोर्निया तक शुक्रवार रात को लू की चेतावनी जारी की गई थी।एनडब्ल्यूएस ने कहा कि शनिवार भी असाधारण रूप से गर्म रहेगा, कुछ क्षेत्रों में दिन का अधिकतम तापमान 46 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है, साथ ही यह भी कहा गया है कि चिलचिलाती गर्मी अगले सप्ताह तक रहने की उम्मीद है।मौसम सेवा ने कहा कि भीषण गर्मी उच्च दबाव के ऊपरी स्तर के उभार का परिणाम है, जो आम तौर पर अपने साथ गर्म तापमान लाता है।एजेंसी ने कहा कि यह इस क्षेत्र में अब तक देखी गई अपनी तरह की सबसे मजबूत प्रणालियों में से एक है।पूरे क्षेत्र में इस संभावित ऐतिहासिक हीटवेव के जल्द ही कम होने के संकेत नहीं है।एरिजोना राज्य की राजधानी फीनिक्स अपने सबसे लंबे समय तक गर्म रहने के रिकॉर्ड को तोडने की ओर अग्रसर है और अगले पांच दिनों में तापमान 43 डिग्री या उससे अधिक रहने का अनुमान है।सर्वकालिक रिकॉर्ड 18 दिनों का है और शहर पहले ही 15 दिनों में 43 डिग्री तापमान देख चुका है।एनडब्ल्यूएस ने कहा कि लास वेगास अगले कुछ दिनों में अपने सर्वकालिक उच्च तापमान 47 डिग्री के बराबर पहुंच सकता है, जबकि डेथ वैली, कैलिफोर्निया पृथ्वी पर सबसे गर्म स्थानों में से एक अपने आधिकारिक सर्वकालिक उच्च तापमान 54 डिग्री को पार कर सकता है।लास वेगास में एनडब्ल्यूएस ने स्थानीय लोगों को चेतावनी दी कि यह सामान्य रेगिस्तानी गर्मी नहीं है।दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका के हिस्से पिछले सप्ताह से ही अत्यधिक गर्म तापमान से जूझ रहे हैं।

जबकि पार्कों, संग्रहालयों, चिड़ियाघरों और व्यवसायों ने अत्यधिक गर्मी के कारण या तो बंद करने की घोषणा की है या घंटों में कटौती की है, अस्पतालों में भी गर्मी से संबंधित मामले देखे जा रहे हैं।

# फिल्मी अंदाज में ठगी: लाखों के गहने और नकदी लेकर फरार हुई लुटेरी दुल्हन, 27 लोगों को बनाया शिकार

**बडगाम (एजेंसी)।** कश्मीर घाटी में फिल्मी अंदाज में ठगी करने का मामला सामने आया है। यहां एक लुटेरी दुल्हन ने पहले 27 लोगों से शादी की और बाद में उनके गहने और नकदी लेकर फरार हो गई। इस मामले का खुलासा होने से इलाके में हडकंप मच गया है। यह घटना बडगाम जिले की है। श्रीनगर लालचौक की प्रेस कॉलोनी में रहने वाले कुछ लोगों ने बताया कि उक्त महिला ने 27 मर्दों से शादी की है। शादी के बाद कुछ समय भी बिताया और बाद में मायके जाने का कहकर घर से सोना और नकदी लेकर फरार हो गई।जानकारी देते हुए लोगों ने बताया कि उक्त ठग महिला जम्मू संभाग के राजौरी की रहने वाली है ।

# मुख्यमंत्री गहलोत के कोटा आगमन पर उनकी राह रोकेंगे भरत सिंह

**कोटा (एजेंसी)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जब भी कोटा में आगमन होगा,तब उनकी ही पार्टी के वरिष्ठ विधायक भरत सिंह कुंदनपुर ने बारां जिले के खान की झोपडिया गांव को कोटा जिले में शामिल करने की मांग और सीमलिया में कांग्रेस के एक मंडल अध्यक्ष को धमकाने और मारपीट करने के मामले में पुलिस के कोई कार्यवाही नहीं करने के खिलाफ अपना विरोध जताते हुए प्रदर्शन करने का फैसला किया है।

सिंह का आरोप है कि खान की झोपडिया गांव नैसर्गिक रूप से बारां नहीं बल्कि कोटा जिले का हिस्सा होने के बावजूद प्रशासनिक त्रुटि की वजह से उस समय बारां जिले की सीमा में शामिल कर लिया गया था, जब कोटा और बारां जिले का विभाजन हो रहा था और बारां जिला अस्तित्व में आया था। नए जिले के गठन की इस प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक स्तर पर हुई त्रुटि के कारण गलत आकलन कर लिए जाने की वजह से यह गांव पलायथा क्षेत्र में कोटा के सिरे की ओर होने के बावजूद बारां जिले में शामिल कर लिया गया जबकि वहां से दोनों जिलों के बीच की विभाजन रेखा मानी जाने वाली कालीसिंध नदी बहती है।

इस बारे में सिंह का कहना है कि जब उन्होंने इस मामले को उठाया और लगातार राज्य सरकार के स्तर पर यह मांग रखी कि खान की झोपडियों को बारां की जगह कोटा जिले में शामिल किया जाना चाहिए ।

## तुर्की के सिरनाक प्रांत में आतंकवाद विरोधी अभियान

**अंकारे ,।** तुर्की ने कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत सीरिया की सीमा से लगे सिरनाक प्रांत में कई जिलों में प्रवेश पर रोक लगाई जायेगी। 15 जुलाई से 29 जुलाई के बीच 'अस्थायी विशेष सुरक्षा क्षेत्र' के क्षेत्रों में प्रवेश निषिद्ध रहेगा। प्रांतीय अधिकारियों ने बताया कि आतंकवाद विरोधी अभियान सिरनाक प्रांत के कुल 14 क्षेत्रों में चलाया जायेग

# जर्मनी दौरे पर भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों के लिए दुरुस्त करेगी तैयारी



लिम्बर्ग (जर्मनी), । भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी दौरे पर रविवार को चीन के खिलाफ अपने पहले मुकाबले के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश एशियाई खेलों के लिए अपनी खामियों को दूर कर तैयारियों को अमली जामा पहनाने की होगी।

भारतीय टीम इस दौरे में तीन मैच खेलेगी। चीन के बाद यह टीम जर्मनी के खिलाफ 18 और 19 जुलाई को क्रमशः विस्बाडेन और रसेलहेम में दो मैच खेलेगी।

यह दौरा भारतीय महिला खिलाड़ियों के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इससे उन्हें 23 सितंबर स आठ अक्टूबर तक चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों से पहले खुद को आंकने का मौका मिलेगा।

गोलकीपर सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम को दौरे के पहले मैच में चीन को परखने का मौका मिलेगा। चीन की टीम एशियाई खेलों में अपनी घरेलू सरजमीं का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। सविता ने कहा, यह दौरा भारतीय महिलाओं के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांग्झोउ में होने वाले महाद्वीपीय खेलों से पहले अपना आकलन कर पायेंगी। इससे हमें सुधार की जरूरत है के बारे में पता चलेगा।

इस मुकाबले से पहले अगर रैंकिंग को देखें तो आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम 11वें स्थान की चीन की टीम पर जीत की दावेदार होगी।

पिछली बार दोनों टीमें स्पेन और नीदरलैंड में एफआईएच महिला विश्व कप (2022) में एक–दूसरे से भिड़ी थीं, जहां मैच 1–1 से बराबरी पर समाप्त हुआ था।

साल 2013 के महिला एशिया कप के बाद से दोनों टीमों का 17 बार आमना–सामना हुआ है, जिसमें भारत 10 मौकों पर विजयी रहा है, जबकि चीन ने पांच मैच जीते हैं और दो मैच बराबरी पर छूटे हैं। भारतीय उप–कप्तान दीप ग्रेस ने कहा, हम अपने प्रतिद्वंद्वी टीम को अच्छी तरह से जानते हैं। हमने हाल ही में कई बार चीन के खिलाफ मुकाबला किया है। हम जानते हैं कि वे क्या करने में सक्षम हैं। इस मुकाबले से हमें खुद को बेहतर तैयार करने का मौका मिलेगा।

भारत के मुख्य कोच यानेके शॉपमैन चाहती है कि खिलाड़ी टीम की योजनाओं पर कायम रहें और दौरे पर अपनी ताकत के अनुसार खेलें। उन्होंने कहा, हमने दौरे से पहले शिविर का आयोजन किया था। हमें टीम के मजबूत पक्ष के बारे में पता है। चीन और जर्मनी दोनों के पास मजबूत और संतुलित टीमें हैं।

## लंका प्रीमियर लीग; कोलंबो स्ट्राइकर्स ने इमाम–उल–हक के साथ किया करार

कोलंबो,कोलंबो स्ट्राइकर्स ने लंका प्रीमियर लीग के आगामी सीजन के लिए पाकिस्तानी सलामी बल्लेबाज इमाम–उल–हक के साथ करार किया है। इमाम ने कोलंबो स्ट्राइकर्स टीम में आयरलैंड के विकेटकीपर–बल्लेबाज लोर्कन टकर की जगह ली है।

इमाम ने अपने टी20 करियर में अब तक 78 मैचों में 20 अर्धशतकों की बदौलत 2143 रन बनाए हैं।कोलंबो स्ट्राइकर्स में शामिल होने पर इमाम–उल–हक ने कहा, कोलंबो स्ट्राइकर्स के पास एक शानदार टीम है और मैं टीम में शामिल होने के लिए रोमांचित हूं।

मैं वास्तव में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ खेलने के लिए एक शानदार अनुभव की उम्मीद कर रहा हूं।कोलंबो स्ट्राइकर्स के आइकन खिलाड़ी बाबर आजम ने भी इमाम–उल–हक का टीम में स्वागत किया।उन्होंने कहा, इमाम एक बहुत ही कुशल क्रिकेटर हैं। उनका हमारी टीम में शामिल होना हमारे लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन है। हमारी टीम के युवाओं को भी उनसे सीखने का मौका मिलेगा।

# फाइनल में पहुंचे अल्कराज, जोकोविच से होगा सामना



लंदन, स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कालीस अल्कराज शुक्रवार को ओपन युग (1968 से) में चौथे सबसे कम उम्र के विंबलडन पुरुष एकल फाइनलिस्ट बन गए। अल्कराज ने डेनियल मेदवेदेव को 6–3, 6–3, 6–3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यह मुकाबला 1 घन्टे और 49 मिनट तक चला।

खिताबी मुकाबले में अल्कराज का सामना नोवाक जोकोविच से होगा। यह खिताबी मुकाबला तय करेगा कि कौन सा खिलाड़ी सोमवार को एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर होगा।फाइनल में पहुंचने के बाद अल्कराज ने कहा, यह मेरे लिए एक सपना था, यहां सेमीफाइनल खेलना और अब यहां विंबलडन में फाइनल खेलना, मुझे इस पर विश्वास नहीं हो रहा है। मैं इस अद्भुत क्षण का आनंद लेने जा रहा हूं।उन्होंने कहा, मैच को ख़त्म करना वाकई बहुत मुश्किल था। मुझे वास्तव में केंद्रित होना था। मेदवेदेव ने आखिरी गेंद तक संघर्ष किया. वह एक अद्भुत खिलाड़ी हैं। मुझे उस कठिन क्षण में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था और आक्रमक तरीके से खेलना था और मुझे लगता है कि यही मैच को ख़त्म करने की कुंजी थी।

सीजन की अपनी 46वीं टूर–स्तरीय जीत के साथ, अल्कराज ने इस साल टूर पर सबसे अधिक मैच जीतने के मामले में मेदवेदेव की बराबरी कर ली है। 2022 यूएस ओपन चैंपियन जब फाइनल में सात बार के विंबलडन टाइटलिस्ट जोकोविच से भिड़ेंगे तो उनका लक्ष्य तीसरी सीड से आगे निकलने का होगा। जोकोविच का सामना करने के बारे में पूछे जाने पर अल्कराज ने कहा, यह अविश्वसनीय रूप से कठिन होने वाला है लेकिन मैं लड़ूंगा। मुझे खुद पर विश्वास है और मुझे विश्वास है कि मैं उसे यहां हरा सकता हूं। वह 2013 के बाद से इस कोर्ट पर नहीं हारा है, इसलिए यह मेरे लिए वास्तव में एक कठिन चुनौती होने वाली है। जब से मैंने खेलना शुरू किया है तब से मैंने यहां फाइनल खेलने का सपना देखा है और नोवाक के खिलाफ खेलना और भी खास है।

# एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम की घोषणा, रुतुराज गायकवाड़ होंगे कप्तान



नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की पुरुष चयन समिति ने एशियाई खेलों के लिए रुतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है।

एशियाई खेलों का आयोजन 19 सितंबर से 8 अक्टूबर 2023 तक होगा। पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता टी20 प्रारूप में 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में आयोजित की जाएगी।

भारतीय टीम में रिंकू सिंह को मौका मिला है, जिन्होंने आईपीएल 2023 में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। रिंकू के अलावा जितेश शर्मा, तिलक वर्मा और प्रभसिमरन सिंह को भी शामिल किया गया है।

19वें एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम इस प्रकार हैः– रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज़ अहमद, रवि बिश्नोई, अवेश खान, अर्शदीप सिंह , मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।खिलाड़ियों की स्टैंडबाय सूचीः यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुडा, साई सुदर्शन।

# एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला टी—20 क्रिकेट टीम घोषित, तितास साधु, कनिका आहूजा नया चेहरा

नई दिल्ली, 19वें एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला टी–20 क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम में युवा ऑलराउंडर तितास साधु और निचले क्रम की बल्लेबाज कनिका आहूजा नए चेहरे हैं।

तितास उद्घाटन महिला अंडर–19 टी20 विश्व कप के फाइनल में 2/6 के स्पेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच थीं और हाल ही में हांगकांग में एसीसी महिला इमर्जिंग एशिया कप विजेता टीम की सदस्य थीं।कनिका हांगकांग में तितास की टीम की साथी थीं, उन्होंने फाइनल में नाबाद 30 रन बनाए। वह महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन संस्करण में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए अपनी कुछ पारियों में निचले क्रम में बल्लेबाजी विकल्प के रूप में उभरीं। बांग्लादेश के हालिया दौरे से चूकने के बाद बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ और विकेटकीपर–बल्लेबाज ऋचा घोष की टीम में वापसी हुई है, उनके साथ हरफनमौला खिलाड़ी हरलीन देओल और पूजा वस्त्राकर रिजर्व में हैं। अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा, मुंबई इंडियंस की बाएं हाथ की स्पिनर सैका इशाक और चंडीगढ़ की तेज गेंदबाज काशवी गौतम अन्य रिजर्व खिलाड़ी हैं।



ऋचा की टीम में वापसी के साथ, यास्तिका भाटिया के लिए कोई जगह नहीं है, जो बांग्लादेश के खिलाफ टी20 में पहली पसंद की विकेटकीपर थीं, अनकैप्ड उमा छेत्री दूसरी कीपिंग विकल्प हैं।

बता दें कि क्रिकेट एशियाई खेलों में खेले जाने वाले 37 खेलों में से एक होगा। क्रिकेट आखिरी बार 2014 में एशियाई खेलों में खेला गया था।

यह पहली बार होगा जब भारत महिला टी20 प्रतियोगिता में खेलेगा। भारत ने पिछले साल बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार आयोजित महिला टी20 स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

महिला क्रिकेट प्रतियोगिता टी20 प्रारूप में 19–28 सितंबर तक झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में खेला जाएगा।

भारतीय टीम इस प्रकार हैः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमाह रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, देविका वैद्य, अंजलि सरवानी, तितास साधु, राजेश्वरी गायकवाड़, मिन्नू मणि, कनिका आहूजा , उमा छेत्री (विकेटकीपर), अनुषा बरेड्डी।

## फिल्मी सफर

# अनुराग बसु की मेट्रो... इन दिनों की रिलीज डेट आगे बढ़ी

बर्फी और लाइफ इन अ मेट्रो जैसी शानदार फिल्मों का निर्देशन कर चुके अनुराग बसु अब अपनी फिल्म मेट्रो... इन दिनों को लेकर चर्चा में हैं, जिसका ऐलान काफी समय पहले हो चुका है। सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर अभिनीत यह पहले इसी साल 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज डेट में बदलाव हो गया है। मेकर्स की ओर से इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ाने का ऐलान किया गया है। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर पोस्ट साझा कर इसकी रिलीज डेट में हुए बदलाव की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, बसु की फिल्म मेट्रो... इन दिनों को नई रिलीज डेट मिल गई है और अब यह अगले साल गुड फ्राइडे यानी 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह मल्टीस्टारर फिल्म है, जिसमें सारा और आदित्य के अलावा नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन, अनुपम खेर, अली फजल और फातिमा सना शेख नजर



शामिल हैं। मेट्रो... इन दिनों का संगीत प्रीतम तैयार कर रहे हैं, जो 2007 में आई लाइफ इन अ मेट्रो को भी संगीत दे चुके हैं। लाइफ इन अ मेट्रो में कंगना रनौत, शाइनी आहूजा, शिल्पा शेट्टी, धर्मेंद्र, इरफान खान और के के मेनन अहम भूमिका में नजर आए थे। टी–सीरीज और बसु के प्रोडक्शन द्वारा निर्मित यह फिल्म खट्टे–मीठे रिश्तों की कहानियों को दिखाएगी। इस फिल्म के जरिए अनुराग और आदित्य लूडो के बाद दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म के बारे में बसु ने कहा था, यह लोगों की कहानी है और लोगों के लिए है। मुझे एक बार फिर से भूषण के साथ काम करने की खुशी है। मैं सभी अद्भुत कलाकारों के साथ काम करने के लिए भी खुश हूं। भूषण ने कहा था, अनुराग दादा के साथ काम करना मेरी लिए एक ट्रीट की तरह है। हम साथ में काम करने के लिए उत्साहित हैं। प्रीतम का संगीत फिल्म की कहानी में जान फूंक देगा।बसु कार्तिक आर्यन के साथ आशिकी 3 लेकर आने वाले हैं, जिसके लिए फिलहाल अभिनेत्री का चयन नहीं हुआ है। कहा जा रहा है कि फिल्म में कार्तिक के साथ नई अभिनेत्री को लॉन्च किया जाएगा। सारा हाल ही में जरा हटके जरा बचके में नजर आई हैं तो अब वह ऐ वतन मेरे वतन में दिखाई देंगी, वहीं फातिमा सैम बहादुर का हिस्सा हैं। इसके अलावा अनुपम इमरजेंसी और द वैक्सीन वॉर में नजर आएंगे।

## भोला शंकर का जैम जैम जज्जनाका गाने का प्रोमो जारी

चिरंजीवी अभिनीत आगामी एक्शन एंटरटेनर भोला शंकर का जैम जैम जज्जनका गाना प्रोमो आउट हो गया है। आदित्य म्यूजिक के आधिकारिक हैंडल ने अपने सोशल मीडिया पर गाने का प्रोमो साझा किया, इसमें कहा गया, प्तभोला शंकर के भव्य उत्सव गान के साथ अपनी भावना को ऊंचा उठाएं जैम जैम जज्जनाका सॉन्ग प्रोमो अभी 11 जुलाई को पूरा गाना रिलीज होगा मेहर रमेश द्वारा निर्देशित इस फिल्म में चिरंजीवी, तमन्ना, कीर्ति सुरेश, सुशांत, तरूण अरोड़ा, वेनेला किशोर, श्री मुखी, मुरली शर्मा, गेटुप श्रीनु, शावर अली, सितारा, कासी विश्वनाध, हाइपर आदि, विवा हर्ष, ब्रह्माजी, उत्तेज शामिल हैं। सत्या, थगुबोथु रमेश, वेणु, और बिथिरी साथी। रामब्रह्मम सुंकारा द्वारा शानदार ढंग से निर्मित मेगा मैसिव एक्शन एंटरटेनर पूरा होने वाला है। अनिल सनकारा की एके एंटरटेनमेंट्स फिल्म का निर्माण कर रही है जिसमें तमन्ना मुख्य महिला की भूमिका निभा रही हैं ।

## रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का गाना व्हाट झुमका

बॉलीवुड के जाने–माने निर्देश-क–निर्माता करण जौहर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के जरिए वो लगभग 7 साल के लंबे अंतराल के बाद निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। अब निर्माताओं ने बुधवार (12 जुलाई) को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का दूसरा गाना व्हाट झुमका जारी कर दिया है, जिसमें रॉकी (रणवीर) और रानी (आलिया) साथ में जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं।



धर्मा प्रोडक्शंस ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर व्हाट झुमका गाना साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, गिर जाए तो फिर ना कहना...झुमका गिरा रे। इस गाने को अरिजीत सिंह और जोनिता गांधी ने मिलकर गाया है, जबकि व्हाट झुमका के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। आलिया भट्ट और रणवीर सिंह अभिनीत रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।


इस फिल्म के जरिए आलिया और रणवीर ने दूसरी बार साथ काम किया है। इससे पहले दोनों फिल्म गली बॉय के लिए साथ आए थे। फिल्म में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी हैं। धर्मेंद्र सालों बाद इसके जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। करण फिल्म में अपने चहिते निर्देशक यश चोपड़ा को श्रद्धांजलि देंगे। आलिया–रणवीर पर एक गाना फिल्माया गया है, जिसके जरिए यश को श्रद्धांजलि दी जाएगी। फिल्म 28 जुलाई को रिलीज हो रही है।धर्मा प्रोडक्शंस फिल्म के लिए वो करने वाला है, जो यशराज फिल्म्स पठान के लिए नहीं कर सका।

## रियलिटी शो हिप हॉप इंडिया का प्रोमो आया सामने, नोरा फतेही ने संभाली जज की कुर्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री, डांसर और मॉडल नोरा फतेही इन दिनों अपने आगामी रियलिटी शो हिप हॉप इंडिया को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह रेमो डिसूजा और दुष्ट सनी के साथ जज की कुर्सी संभालती नजर आएंगी। अब निर्माताओं ने हिप हॉप इंडिया का पहला प्रोमो वीडिया जारी कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। हिप हॉप इंडिया का प्रीमियर 21 जुलाई से अमेजन मिनी टीवी पर किया जाएगा। नोरा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह मौजूदा वक्त में कुणाल खेमू की फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में नोरा पहली बार मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जिसके लिए वो काफी उत्साहित भी हैं। फिल्म में नोरा के अलावा कुणाल, फरहान अख्तर, रितेश सिधवानी और अन्य कलाकार हैं। इसके अलावा नोरा फिल्म 100 प्रतिशत का हिस्सा हैं, जिसमें वह रितेश देशमुख और शहनाज गिल के साथ अभिनय करती दिखाई देंगी। शो का नेतृत्व करने वाले दोनों के साथ, वे दर्शकों की नए हिप हॉप रियलिटी शो की अत्यधिक उम्मीदों के साथ सभी उम्मीदें बढ़ाते हैं, प्रोमो विभिन्न प्रतियोगियों की गलियों से लेकर हिप हॉप इंडिया के गौरवशाली मंच तक की यात्रा को भी पूरी तरह से न्याय करते हुए सामने लाता है। इसकी टैगलाइन गली से ग्लोरी तक। प्रत्येक प्रतियोगी के पास एक अद्वितीय व्यक्तित्व होगा और वे जजों को प्रभावित करने के लिए अपनी कई शक्तिशाली नृत्य चालों का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा को कल्पना और रचनात्मकता के साथ मिलाकर एक ताजा सडक़ अवतार लाएंगे।

# वैष्णवी चैतन्य की पहली फिल्म बेबी का सफर शुरू

यूट्यूबर, चरित्र कलाकार और सोशल मीडिया प्रभावकार के रूप में जानी जाने वाली वैष्णवी चैतन्य ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म बेबी के बारे में मीडिया से बात की। मास मूवी मेकर्स के बैनर तले एसकेएन द्वारा निर्मित और साई राजेश द्वारा निर्देशित, फिल्म में आनंद देवरकोंडा, वैष्णवी चैतन्य और विराज अश्विन हैं। फिल्म की रिलीज 14 जुलाई को होनी है और इसने विजय बुल्गानिन द्वारा रचित अपने सनसनीखेज गीतों और साई राजेश द्वारा लिखे गए प्रभावशाली संवादों के कारण पहले ही ध्यान आकर्षित कर लिया है। बातचीत के दौरान, वैष्णवी चैतन्य ने खुद को एक यूट्यूबर और चरित्र कलाकार के रूप में पेश किया, और बेबी में मुख्य अभिनेत्री के रूप में अपनी शुरुआत करने के लिए उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वह हीरोइन बनने की ख्वाहिश रखती थीं और इस इंडस्ट्री में आठ साल से थीं, उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें इतना बड़ा मौका मिलेगा। जब उन्होंने फिल्म की कहानी सुनी तो वह हैरान और अभिभूत हो गईं, उन्हें यकीन नहीं था कि उन्हें इस भूमिका के लिए चुना जाएगा। हालाँकि, साई राजेश को उस पर तब भी विश्वास था जब उसे खुद पर विश्वास नहीं था, और उसने इस



अवसर को अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ माना। वैष्णवी चैतन्य ने अपने करियर के दौरान उन्हें मिली नकारात्मक टिप्पणियों को संबोधित किया, विशेष रूप से इंस्टाग्राम और टिकटॉक जैसे प्लेटफार्मों पर वीडियो बनाने से लेकर फिल्म नायिका बनने तक के उनके संक्रमण के संबंध में। आलोचना के बावजूद, साई राजेश का अपनी क्षमताओं पर विश्वास ने उन्हें साहस और दृढ़ संकल्प से भर दिया। फिल्म बेबी के बारे में बोलते हुए, वैष्णवी चैतन्य ने अपने किरदार को एक मासूम लडक़ी के रूप में वर्णित किया, जो एक झुग्गी में पली–बढ़ी थी। कहानी इस बात के इर्द–गिर्द घूमती है कि झुग्गी छोडऩे के बाद उसका जीवन कैसे बदल जाता है और उसके अनुभवों से सीखे गए सबक पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह किरदार बचपन से ही एक लडक़े से प्यार करता है, लेकिन जब वह कॉलेज में दाखिला लेती है तो एक और लडक़ा उसके जीवन में प्रवेश करता है, जिससे महत्वपूर्ण बदलाव आते हैं। फिल्म इन घटनाओं का लडक़ी के जीवन पर पडऩे वाले प्रभाव को दर्शाती है, और वैष्णवी चैतन्य को कहानी और उसके चरित्र दोनों के साथ एक मजबूत संबंध महसूस हुआ, जिसने उनके अभिनय कौशल के लिए पर्याप्त गुंजाइश प्रदान की। उन्होंने फिल्म में संगीत पर जोर देने पर प्रकाश डाला, क्योंकि साई राजेश को इसका विशेष शौक है। यह कहानी उनके स्वयं के जीवन से मेल खाती है, क्योंकि यह वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित थी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com